


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक
# श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 106 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 29 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## भिलाई में बना सुंदरकांड पाठ का विश्व रिकार्ड



**भिलाई।** शनिवार का दिन भिलाई शहर के लिए यादगार बन गया। जयंती स्टेडियम के समीप 21 हजार भक्तों ने एक साथ सुंदरकांड पाठ कर विश्व रिकार्ड बना दिया। 8 एकड़ परिसर में गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस का सुंदरकांड पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक प्रभंय चतुर्वेदी के नेतृत्व में वर्ल्ड रिकॉर्ड रिकॉर्ड बनाया गया। लगभग 10 दिन से हजारों कार्यकर्ता दिन रात इस कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए थे। संयोजक सांसद विजय बघेल लगातार कार्यक्रम की देखरेख कर रहे थे सुंदरकांड पाठ के तुरंत बाद भोग महाप्रसाद की व्यवस्था की गई।



फोटो जर्नलिस्टः गौकरण निषाद

## खास खबर...

### अमेरिका और चीन के बीच 2025 में होगा महायुद्ध! अमेरिकी वायुसेना जनरल के बयान से दुनिया हैरान

**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** चीन और अमेरिका के बीच दो वर्ष के अंदर महायुद्ध होने की संभावना जताई जा रही है। अमेरिकी वायुसेना के शीर्ष जनरल के दावे के बाद से दुनिया हैरान हो गई है। जनरल माइक मिनिहान ने कहा है कि साल 2025 में अमेरिका और चीन के बीच महायुद्ध छिड़ सकता है। उन्होंने इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को मेमो भी भेजा है और कहा है कि चीन की तानाशाही जिस तरह से बढ़ रही है उससे किसी भी वक्त युद्ध छिड़ सकता है। उन्होंने सैन्य अधिकारियों से युद्ध की तैयारी शुरू कर देने के लिए कहा है।

#### मेरी आशंका गलत हो इसी में भलाईः जनरल माइक मिनिहान

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एयर मोबिलिटी कमांड के प्रमुख जनरल माइक मिनिहान ने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि जो सोच रहा हूं, वो गलत साबित हो। मेरी आशंका गलत हो इसी में दुनिया की भलाई है। मेरी अंतरआत्मा कहती है कि मैं 2025 में युद्ध के मैदान में लड़ूंगा।

## ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री पर एएसआई ने की फायरिंग, सीने में लगी गोली, हालत गंभीर

**झारसुगुड़ा ( एजेंसी )।** ओडिशा के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और झारसुगुड़ा सीट से विधायक नबा किशोर दास को सीने में गोली लगी है। नाबा दास यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। नाबा किशोर दास जैसे की कार से उतरे वहां मौजूद एक पुलिस कर्मी ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। नाबा दास की हालत बहुत गंभीर है, उन्हें पहले स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें भुवनेश्वर के लिए एयरलिफ्ट किया जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना आज दोपहर करीब 12.15 बजे की है। यह घटना झारसुगुड़ा के ब्रजराजनगर के गांधी चौक के पास हुई। स्वास्थ्य मंत्री को एएसआई ने सीने में कई राउंड फायरिंग किए। उनकी



हालत गंभीर बनी हुई है। दास को फिलहाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है और इलाज जारी है। हालांकि उन पर फायरिंग क्यों की गई, इसकी वजह अबतक सामने नहीं आई है। इस घटना के बाद बीजेडी कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए, जिसके बाद मौके पर तनाव का माहौल है।

### बीजु जनता दल के प्रमुख नेता हैं नबा दास

नाबा किशोर दास बीजु जनता दल के प्रमुख नेता है। नाबा दास हाल ही में सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने तौर पर महाराष्ट्र के शनि शिंगणापुर मंदिर में एक करोड़ रुपये से अधिक का सोने का कलश दान किया था। नाबा दास ने शनि शिंगणापुर मंदिर को 1.7 किलोग्राम सोने और 5 किलोग्राम चांदी से बने कलश दान किए थे। मंत्री नबा दास पर हुए हमले के बाद बीजेडी के सीनियर नेता प्रसन्न आचार्य ने कहा कि हम इस घटना की निंदा करते हैं। पुलिस विस्तृत जांच करेगी और आरोपी को कड़ी सजा दी जाएगी। हम उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

### सुनियोजित था स्वास्थ्य मंत्री पर हमला

बताया जा रहा है कि नबी दास पर यह हमला सुनियोजित तरीके से किया गया। जिस एएसआई ने मंत्री को गोली मारी वह काफी करीब था। सुरक्षाकर्मियों के घेरे के बाद भी नबा दास पर हमला सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहा है। जिस एएसआई ने मंत्री नबा दास पर हमला किया उसकी पहचान भी कर ली गई है। फायरिंग करने वाले पुलिसकर्मी की पहचान गोपाल दास के रूप में हुई है। गोपाल दास ओड़िशा पुलिस में एएसआई है और गांधी चौक पर तैनात था। जब कार्यक्रम में शामिल होने स्वास्थ्य मंत्री नबा किशोर दास पहुंचे और कार से उतरने लगे तभी एएसआई गोपाल दास ने अपनी रिवॉल्वर से उन पर गोली चलाई।

## छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा 'जलवायु परिवर्तन के खिलाफ युवाओं की भूमिका' विषय पर पैनल डिस्कशन और लाइव बैंड का आयोजन




- 31 जनवरी को रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा कार्यक्रम
- युवा उद्यमी, गायिका और म्यूजिक कंपोज़र सुश्री अनन्या बिड़ला लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट में देंगी प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा 'जलवायु परिवर्तन के खिलाफ युवाओं की भूमिका' विषय पर पैनल डिस्कशन और लाइव बैंड का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 31 जनवरी को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी, गायिका और म्यूजिक कंपोज़र सुश्री अनन्या बिड़ला लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट में प्रस्तुति देंगी।

मुख्यमंत्री के सलाहकार गौरव द्विवेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन यूनिसेफ एनएसएस, अनन्या बिड़ला फाउंडेशन और संज्ञा पीआर के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड के कई सेलिब्रिटीज़ लगातार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस तरह के आयोजनों और फिल्मों की शूटिंग होने से यहाँ के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है। इनसे देश-विदेश में छत्तीसगढ़ की पहचान भी स्थापित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि मशहूर उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला की बेटी सुश्री अनन्या बिड़ला देश की उभरती हुई कलाकार हैं। 'रूद्र' वेब सीरिज में उनके गाने के साथ ही 'तेरी मेरी कहानी...' गीत भी काफी लोकप्रिय हुआ है। भारत के साथ ही लॉस एंजिल्स सहित कई विदेशी शहरों में भी वे प्रस्तुतियाँ दे चुकी हैं।

## छत्तीसगढ़ के 433 युवा बनेंगे अग्नीवीर, लिखित परीक्षा में मिली सफलता, 1 मार्च से शुरु होगी ट्रेनिंग

श्रीकंचनपथ

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती के लिखित परीक्षा के परिणाम रविवार को घोषित कर दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ से लिखित परीक्षा में शामिल 1367 अभ्यर्थियों में से 433 अभ्यर्थियों का चयन जीडी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क और अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए किया गया है। परीक्षा परीणाम ज्?वाइन इंडियन आर्मी की वेब साइट- www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है।

सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्रारम्भिक ब्रीफिंग और डिस्पैच के लिए 31 जनवरी 2023 को सुबह 08.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में उपस्थित होना जरूरी है। सभी सफल अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग 1 मार्च, 2023 से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होगी। भारतीय सेना सभी सफल उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई देती है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। भारतीय सेना अभ्यर्थियों को अनाधिकृत व्यक्तियों से सावधान रहने की सलाह देती है।

## 'भारत पर्व' में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और पर्यटन से रूबरू हो रहे देश-विदेश के पर्यटक

### भारत पर्व में छत्तीसगढ़ के पर्यटन को लेकर लोगों में विशेष रूचि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नई दिल्ली के लाल किला प्रांगण में चल रहे भारत पर्व में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति, पर्यटन, ग्रामोद्योग हस्तशिल्प और गढ़कलेवा के स्टॉल को बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। बीते तीन दिनों से छत्तीसगढ़ के स्टॉलों में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। गढ़कलेवा के स्टॉल में छत्तीसगढ़ी व्यंजन का लुफ्त उठाने के साथ ही लोग छत्तीसगढ़ के पर्यटन के बारे में विशेष रूचि दिखा रहे हैं। विदेशी दर्शक बस्तर दशहरा के बारे में जानकारी ले रहे हैं, जबकि देश के अन्य राज्यों के लोग छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के बारे में जानने के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के स्टॉल में लगातार पहुंच रहे हैं। शनिवार को अवकाश होने के कारण भारत पर्व में लोगों की भीड़ आम दिनों की अपेक्षा ज्यादा थी।




लोग दोपहर दो बजे से ही भारत पर्व में विभिन्न राज्यों के कला संस्कृति, टूरिज्म और खान-पान के बारे में जानकारी लेने के लिए पहुंचने लगे थे।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के स्टॉल में पहुंचने वाले सभी दर्शकों को राज्य के पर्यटन स्थलों सहित वहां के जन-जीवन एवं प्राकृतिक परिवेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लोगों ने जशपुर के चाय बागान, राम वन गमन पर्यटन परिपथ को लेकर विशेष रूचि दिखाई और इस संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विदेशी पर्यटकों को बस्तर दशहरा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए राज्य की प्राचीन लोक कला, आदिवासियों के खान-पान, होमस्टेट की सुविधा से अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ के गढ़कलेवा पारंपरिक व्यंजनों का देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए अतिथियों ने खूब स्वाद लिया। गढ़कलेवा के स्टॉल में बच्चों ने इमली के लाटा और बेर (बोईर)का पापड़ी को खूब पसंद किया गया।

## आधुनिक भारत के नए-नवेले ब्लैक स्पॉट

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

राजधानी रायपुर में यातायात विभाग ने नए-नवेले ब्लैक स्पॉट की पड़ताल शुरू कर दी है. ऐसे स्थानों को चिन्हित करने के प्रयास किये जा रहे हैं जहां एक से ज्यादा मौतें हुई हैं। रायपुर की सड़कों पर सालाना औसत से 100 ज्यादा मौतें हो रही हैं। ब्लैक स्पॉट खोज भी लेंगे तो क्या होगा? अगले साल नए ब्लैक स्पॉट मिलेंगे। भारत के लिए विकास का मतलब चौड़ी सड़कें, तेज रफ्तार गाड़ियां और तमाम ऐशो आराम की सामग्रियां हैं। यह भी विडम्बना है कि अधिकांश हादसे वहीं होते हैं जहां सड़कें अच्छी होती हैं। पर मौतें अकेले सड़कों पर ही थोड़े हो रही हैं। अस्पतालों में भी 15-17 साल के दिल के मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। इनमें से कईयों को तो बचाना तक मुश्किल हो रहा है। मधुमेह जांच शिविरों में रोज नए-नए मरीज मिल रहे हैं। इनमें से कईयों की उम्र 20 वर्ष से कम है. आधी से ज्यादा आबादी ओवरवेट हो गई है। वजन कम करने के लिए कोई डायटिंग कर रहा है, कोई जिम में पसीना बहा रहा है तो कोई सप्लिमेंट पर जी रहा है। पर जीवन में कहीं कोई अनुशासन नहीं है। भिलाई की ही बात करें तो शहर के प्रत्येक मोहल्ले में सप्ताह में दो बार सब्जी बाजार लगता है। इसमें स्थानीय बाशिंदे सब्जी खरीदने पहुंचते हैं। घर से 100-200 कदम दूर सब्जी बाजार भी लोग गाड़ियों पर पहुंचते हैं। बाजार में सब्जियां कम, सांड, स्कूटी और कारें ज्यादा नजर आती हैं. जहां सब्जी बाजार सड़कों पर लगता है वहां तो लोग कार में बैठे-बैठे ही सब्जी खरीदने की कोशिश करते हैं। मोहल्ले के मंदिर तक भी लोग कार से ही जाते हैं। सरकार केवल वही दुर्घटनाएं गिन सकती है जिसमें रिपोर्ट लिखी गई हो. टेल लाइट फूटने, हाथ-पैर टूटने की घटनाओं का तो कहीं जिक्र तक नहीं होता। इसका हल ढूंढने की कोशिश करना बेमानी है. छत्तीसगढ़ के शहरों में भी अब पार्किंग की समस्या सिर उठाने लगी है। कार वाले भी दुपहिया पर आने लगे हैं। कुछ और समय बीतने के बाद मुम्बई-कोलकाता संस्कृति यहां तक पहुंच जाएगी। लोगों के पास पार्किंग ही नहीं होगी तो गाड़ियों का करेंगे क्या? मुम्बई में गाड़ी वाले भी लोकल ट्रेनों का ही उपयोग करते हैं। सड़कों से होकर जाने में 10 गुना तक वक्त लग जाता है। फ्लैटों में रहने वालों के पास अपनी गाड़ियां और अपना पार्किंग स्पेस है. पर ये भी दिन में गाड़ी निकालने का हौसला नहीं जुटा पाते। इन दोनों महानगरों में रहने वाले लोगों को जिम जाने की भी जरूरत नहीं पड़ती। इतना पैदल चलना हो जाता है कि न केवल फिटनेस ठीक रहती है बल्कि रात को नींद भी अच्छी आती है. पर इसके लिए सरकार को भी कुछ कदम उठाने होंगे. लोकल ट्रेन और सिटी बस सेवाओं को सुधारना होगा। नो-पार्किंग के नियम सख्ती से लागू करने होंगे। रैश ड्राइविंग पर सख्ती से अंकुश लगाना होगा।



## संपादकीय

# नये दौर के रिश्ते

मिस्र उन देशों में शुमार है जिनके साथ आजादी के चंद दिनों के बाद कूटनीतिक रिश्ते कायम हो गये थे। पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल जमाल नासिर की दोस्ती दुनिया भर में चर्चा में रही है। ये दोनों कालांतर गुटनिरपेक्ष संगठन के आधार स्तंभ भी बने। लेकिन बाद में कतिपय कारणों से दोनों देशों के संबंधों में ठहराव आ गया भी। फिर कोरोना संकट के दौर में दोनों फिर तब करीब आए जब मिस्र ने मेडिकल ऑक्सीजन आपूर्ति में भारत का सहयोग किया। वैसे ही भारत ने भी रूस-यूक्रेन संकट के चलते गेहूं आपूर्ति बाधित होने पर मिस्र की मदद की है। निस्संदेह, अब मिस्र के राष्ट्रपति के तीन दिवसीय भारत दौरे से इन रिश्तों में गर्माहट बढ़ी है। दरअसल, मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अस-सीसी हालिया गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि बनकर भारत आये थे। इस दौरान पांच महत्वपूर्ण समझौते भी हुए। खासकर रक्षा क्षेत्रों में दोनों देश सहयोग बढ़ाने को तैयार हुए हैं। वास्तव में भारत मिस्र को स्वनिर्मित हथियारों के बड़े बाजार के रूप में देखता है। काहिरा भी भारतीय रक्षा उपकरणों में रुचि दिखाता रहा है। निस्संदेह, हालिया प्रयासों से दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। खासकर भारत-मिस्र ने जिस तरह आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता जतायी है, वह उम्मीद जगाती है। विशेष रूप से मिस्र ने उन देशों की आलोचना की है जो आतंकवाद को समर्थन करते हैं। निश्चित रूप से अपरोक्ष रूप से पाकिस्तान को संदेश दिया गया है। इसके अलावा इस्लामिक देशों का संगठन जिस तरह कश्मीर के मुद्दे पर पाक के इशारे पर भारत विरोधी रवैया अपनाता है, मिस्र से हमारी दोस्ती उसमें काम आ सकती है। साथ ही भारत व मिस्र साइबर सुरक्षा, सूचना प्रोद्योगिकी, प्रसारण व संस्कृति जैसे मामलों में सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। इस हकीकत को स्वीकारा गया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देशों की दोस्ती के गहरे निहितार्थ हैं। निस्संदेह, अफ्रीका महाद्वीप में मिस्र जैसा मित्र होना भारत के लिये कई मायनों में महत्वपूर्ण है। दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरा होना इस बात का परिचायक है कि पुराने रिश्तों में निर्विवाद स्वाभाविक प्रवाह है। भारतीय नेतृत्व को इस बात का अहसास है कि उसके साथ बेहतर संबंधों से देश मध्य पूर्व में सार्थक भूमिका निभा सकता है। मिस्र केवल अफ्रीका ही नहीं, मध्य एशिया में मिस्र प्रभावपूर्ण उपस्थिति रखता है। व्यावसायिक दृष्टि व अंतर्राष्ट्रीय कारोबार के नजरिये से भी भूमध्य सागर व हिंदमहासागर के बीच आवाजाही में मिस्र महत्वपूर्ण घटक है। जिसकी वजह एशिया को यूरोप से जोड़ने वाली स्वेज नहर का निर्णायक मार्ग भी है। जिससे हमारे व्यापारिक हित भी जुड़े हैं। वहीं तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि मिस्र फिलहाल विषम आर्थिक परिस्थितियों से दो-चार है। घटता विदेशी मुद्रा भंडार उसकी बड़ी चिंता है, अतः वह भारतीय कारोबारियों के बड़े निवेश की आस लगाये हुए है। यूं तो भारतीय उद्योगपतियों ने मिस्र के ऊर्जा, वाहन निर्माण तथा रसायन उद्योगों में बड़ा निवेश किया है। वहीं हालिया रूस-यूक्रेन युद्ध से खाद्य आपूर्ति में आई बाधा ने मिस्र की दिक्कतों को बढ़ाया है। यही वजह है कि मुश्किल वक्त में मिस्र पुराने मित्र भारत की ओर देख रहा है। जिस पर भारत ने भी सकारात्मक प्रतिसाद दिया है। तभी गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद भारत ने मिस्र की मदद की है। वहीं दूसरी ओर मिस्र चाहता है कि वैश्विक मंदी के प्रभाव से बदहाल होती अर्थव्यवस्था को गति देने में भारत रचनात्मक भूमिका निभाये। दूसरी ओर भारतीय निर्यात को अपेक्षा के अनुरूप गति न मिलने से उत्पन्न स्थिति से निबटने में मिस्र से बढ़ता कारोबार सहायक भी हो सकता है। यदि दोनों देशों के बीच कारोबार बढ़ता है तो भारत के बड़े उद्योगों को भी गति मिल सकती है। निस्संदेह, दोनों देशों की जरूरतों का संतुलन साढ़े सात दशक पुराने रिश्तों का नये आयाम दे सकता है। मिस्र को रणनीतिक साझेदार बनाकर भारत अफ्रीका व मध्य एशिया में अपने हितों की रक्षा कर सकता है।

“ जिसकी वजह एशिया को यूरोप से जोड़ने वाली स्वेज नहर का निर्णायक मार्ग भी है। जिससे हमारे व्यापारिक हित भी जुड़े हैं। वहीं तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि मिस्र फिलहाल विषम आर्थिक परिस्थितियों से दो-चार है। घटता विदेशी मुद्रा भंडार उसकी बड़ी चिंता है, अतः वह भारतीय कारोबारियों के बड़े निवेश की आस लगाये हुए है। यूं तो भारतीय उद्योगपतियों ने मिस्र के ऊर्जा, वाहन निर्माण तथा रसायन उद्योगों में बड़ा निवेश किया है।

## देसी दवाएः वाजिब सवाल

आशंका यह है कि उन दवाओं से लाभ की जगह कुछ हानि हो जाए। यह सबक दुनिया भर के लिए है। पारंपरिक दवाओं को लोगों के विवेक पर छोड़ देना चाहिए, जबकि स्वास्थ्य नीति आधुनिक विज्ञान पर ही आधारित होनी चाहिए। पारंपरिक चिकित्सा हर सभ्यता का हिस्सा रही है। जब तक आधुनिक विज्ञान का अस्तित्व सामने नहीं आया था, हर जगह लोग ऐसी दवाओं से अपना इलाज करते थे। यह नहीं कहा जा सकता कि आज के दौर में उन दवाओं की अहमियत खत्म हो गई है या उनकी कोई जरूरत नहीं है। इसके बावजूद उचित यही होगा कि लोग ऐसी दवाएं अपनाएं या नहीं, यह उन पर छोड़ दिया जाना चाहिए। जबकि आधुनिक चिकित्सा सबको उपलब्ध होनी चाहिए। तीन साल पहले कोरोना महामारी जब आई, तब भारत में भी ऐसी चिकित्सा चर्चा में आई थी और उस पर सवाल भी उठे थे। अब जबकि चीन महामारी से जूझ रहा है, तो वहां भी इस मुद्दे पर विवाद खडा हुआ है। अनुभव यह है कि जब दवाओं की कमी हो जाती है, तो सरकारें पारंपरिक दवाओं को प्रोत्साहित करने के नाम पर लोगों से उन पर निर्भर रहने की अपील करने लगते हैं। कोरोना वायरस के खिलाफ एक अभियान के रूप में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पारंपरिक चीनी चिकित्सा को बढ़ावा दिया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारी अब कोरोना वायरस से लड़ने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका बता रहे हैं। जबकि आलोचकों का कहना है कि यह शूडो साइंस है और वास्तविक बीमारी के इलाज में अप्रभावी है। इसके असर के दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है, क्योंकि इस पर बहुत कम डेटा उपलब्ध है। चीन दुनिया के कुछ सबसे पुराने समाजों में से एक है, जहां उपचार के पारंपरिक तरीकों, जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग और मालिश से लेकर एक्यूपंक्चर और नपे-तुले आहार तक का अभ्यास किया जाता रहा है। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञ इसे संदेह की दृष्टि से देखते हैं। उनके मुताबिक यह पता नहीं है कि ये उपचार प्रभावी हैं या नहीं, क्योंकि प्रयोगशालाओं में उनका अध्ययन या परीक्षण नहीं किया गया है। दरअसल इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि उन दवाओं से लाभ की जगह कुछ हानि हो जाए। तो यह सबक दुनिया भर के लिए है। पारंपरिक इलाज को लोगों के विवेक पर छोड़ दिया जाना चाहिए, जबकि स्वास्थ्य नीति आधुनिक विज्ञान पर ही आधारित होनी चाहिए।

“ दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद रोधी आंदोलन के नेता और आधुनिक दक्षिण अफ्रीका के जनक, नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, जब तक महिलाओं को सभी प्रकार के उत्पीड़नों से मुक्त नहीं दिलाई जाती, आजादी तब तक हासिल नहीं की जा सकती। कोई भी इस भावना से असहमत नहीं हो सकता। एक साल से अधिक समय से पेयजल और स्वच्छता विभाग में काम करने के दौरान, मुझे देश के दो प्रमुख कार्यक्रमों- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन- में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

# एसबीएम-जी का लक्ष्य अरुचिकर कार्यों और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों से मुक्ति है

सुश्री विनी महाजन, जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग



स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण एक जन-आंदोलन के रूप में इस विशाल देश के कोने-कोने में पहुंच गया है। इसने न सिर्फ लोगों के व्यवहार को बदल दिया है, बल्कि यह घर-घर में एक जाना-पहचाना नाम भी बन गया है। स्वच्छ भारत मिशन, एक ऐसा प्रमुख कार्यक्रम जिसे स्वयं माननीय प्रधानमंत्री ने बढ़ावा दिया है, की उपलब्धियां रहीं हैं।

वर्तमान में चल रही यह प्रक्रिया सभी राज्य और जिला स्तरीय मशीनरी, विकास के भागीदारों, गैर सरकारी संगठनों, पंचायत के नेताओं और उन समुदायों के सहयोग से संभव हो पाई है जो स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत की भावना से अपने समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण में योगदान देने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास कर रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद रोधी आंदोलन के नेता और आधुनिक दक्षिण अफ्रीका के जनक, नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, जब तक महिलाओं को सभी प्रकार के उत्पीड़नों से मुक्त नहीं दिलाई जाती, आजादी तब तक हासिल नहीं की जा सकती। कोई भी इस भावना से असहमत नहीं हो सकता। एक साल से अधिक समय से पेयजल और स्वच्छता विभाग में काम करने के दौरान, मुझे देश के दो प्रमुख कार्यक्रमों- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन- में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। दोनों ही कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं और उन्हें अंतहीन अरुचिकर कार्य व बीमारियों से मुक्ति दिला रहे हैं।

इस गणतंत्र दिवस के मौके पर, खराब प्रथाओं और अस्वास्थ्यकर स्थितियों से मुक्ति की ओर इशारा करना उचित है, जिसके लिए एसबीएम-जी मिशन काम कर रहा है। जहां इस मिशन ने समाज के सभी वर्गों की स्वच्छता तक पहुंच संभव बनाई है, वहीं इस 'गरीब-समर्थक और महिला-समर्थक' अभियान ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और कई स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्रदान करते हुए उन्हें शौच करने के लिए अंधेरा होने तक का इंतजार करने से भी छुटकारा दिलाया है।

दूसरी ओर, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन एक कदम और आगे बढ़कर देश के पानी की कमी वाले इलाकों में रहने वाली ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान बन गया है। अब तक, एसबीएम-जी और एनजेजेएम के महान मिशनों के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया है और 10.90 करोड़ से अधिक घरेलू नल जल के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।

इसके अलावा, एसबीएम-जी ने भारत को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 6.2 को प्राप्त करने की राह पर अग्रसर किया है, ताकि हाशिए पर रहने वाले लोगों, महिलाओं एवं लड़कियों, बेहद नाजुक परिस्थितियों में रहने वाले लोगों की जरूरतों पर विशेष ध्यान देते हुए वर्ष 2030 तक सभी के लिए सफाई व स्वच्छता तक पर्याप्त एवं समान पहुंच हासिल की जा सके और खुले में शौच की प्रथा का अंत किया जा सके। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि महत्वपूर्ण आर्थिक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों से लैस एसबीएम (जी) के कारण शौचालय का उपयोग 93.4 प्रतिशत है, जोकि खासतौर पर महिलाओं के सशक्तिकरण में योगदान करता है।

**लाइटहाउस पहलः** एसबीएम-जी के साथ देश निश्चित रूप से सही रास्ते पर है, हालांकि अभी भी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण में निजी क्षेत्र की भूमिका को स्वीकार करते हुए और इस तथ्य को मानते हुए कि स्वच्छता हर किसी की जिम्मेदारी है, पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) फिक्की के भारत स्वच्छता गठबंधन (आईएससी) के साथ सहयोग कर रहा है, जोकि एक बहु-हितधारक मंच है और भारत के गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) की स्थायी व्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए कॉरपोरेट भागीदारों एवं विकास भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है। पहले चरण में, पंद्रह राज्यों में मॉडल या 'लाइटहाउस' ग्राम पंचायतों का निर्माण करने का लक्ष्य है जो एसएलडब्ल्यूएम से संबंधित व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक लागू करेंगे जिन्हें हमारे सभी गांवों को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश भर में आगे बढ़ाया जा सकता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023: स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 भी चल रहा है। यह एक ऐसा सर्वेक्षण है जो एसबीएम-जी के प्रमुख मात्रात्मक और गुणात्मक मापदंडों के आधार पर राज्यों और जिलों के प्रदर्शन के अनुरूप उन्हें वर्गीकृत करता है। एसएसजी 2023 का उद्देश्य एसबीएम-जी चरण II में गांव, जिला और राज्य स्तर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना; ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों के बारे में जागरूकता पैदा करना; सहकर्मी सत्यापन के माध्यम से आकलन करना एवं सीखना; ग्राम पंचायतों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना और सभी स्तरों पर विजेताओं को पहचानना है।

गति में तेजी लाने के लिए, पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) ने विभिन्न प्रतिष्ठित अभियान भी आयोजित किए हैं, जिन्होंने काफी असर डाला है। उनमें से एक 'रेट्रोफिट टू ट्विनपिट' अभियान है जो मौजूदा सिंगल-पिट शौचालयों को ट्विन-पिट शौचालयों में रेट्रोफिट करके और सेप्टिक टैंक शौचालयों को एयर वेंट्स और सोख्ता गड्ढों से जोड़कर सरल ऑन-साइट तकनीकों को बढ़ावा देता है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण इलाके के घरों में मल के सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूकता पैदा करना भी है।

सुजलाम 1.0 और 2.0 अभियानों के तहत, घरों और प्रतिष्ठानों में उत्पन्न गंदे पानी के प्रभावी शोधन के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया था। इस अभियान ने अपशिष्ट जल के न्यूनतम ठहराव को सुनिश्चित किया और गांव के तालाबों में इसके प्रवाह की संभावनाओं का पता लगाया। इन दोनों अभियानों के दौरान 23 मिलियन से अधिक सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया।

जहां तक गोबरधन का संबंध है, यह गांवों को अपने मवेशियों, कृषि और जैविक कचरे को सुरक्षित रूप से प्रबंधित करने तथा इसे स्वच्छ ईंधन एवं जैविक खाद में परिवर्तित करते हुए पर्यावरण स्वच्छता में सुधार लाने और वेक्टर जनित रोगों पर अंकुश लगाने में मदद करता है। इस संबंध में, भारत सरकार हर जिले को मवेशियों के गोबर और जैविक कचरे के सुरक्षित निपटान के लिए तकनीकी सहायता और 50 लाख रुपये प्रति जिले तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। अब तक, देश भर में 500 से अधिक गोबरधन संयंत्र उपलब्ध हैं।

सूचना, शिक्षा एवं संचार ने जागरूकता फैलाने और एसबीएम-जी से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और शुरू से ही अधिकांश गतिविधियों ने सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया है जिसके कारण समुदायों ने इन परियोजनाओं की स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु इनका स्वामित्व अपने ऊपर ले लिया है। स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता दौड़, स्वच्छ भारत दिवस, स्वच्छता के लिए एकजुट भारत, ऐसी भागीदारी के उदाहरण हैं। यह देखते हुए कि एसबीएम-जी चरण ढ्ढ्ढ को किफायती और कम लागत वाली व्यवहारिक तकनीकी उपायों की जरूरत है और जिसके लिए परिसंपत्तियों के निर्माण में विशेष कौशल की जरूरत है, क्षमताओं को मजबूत करने पर भी बहुत ध्यान दिया जा रहा है।

मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रबंधन (एमएचएम) में जमीनी स्तर की पहल करने के लिए ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने और राज्यों के बीच एक-दूसरे से सीखने की प्रक्रिया (क्रॉस-लर्निंग) को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में एमएचएम के बारे में ग्राम पंचायतों के लिए एक राष्ट्रीय फिल्म प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कहने की जरूरत नहीं है कि ज्ञान, वर्जनाओं, कलंक, मासिक धर्म से संबंधित उत्पादों तक सीमित पहुंच और उपयोग किए गए सैनिटरी पैड के सुरक्षित निपटान तंत्र की कमी के कारण मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता चिंता का एक विषय बनी हुई है। एमएचएम के प्रति महिलाओं और लड़कियों को संवेदनशील बनाने से लड़कियों के स्वास्थ्य और उनके सम्मान में सुधार लाकर उनके स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ने (ड्राप आउट) की दर को कम करने में काफी मदद मिलेगी।

इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर, मैं हमारे स्वच्छता योद्धाओं, ग्राम पंचायत के नेताओं और जिला और राज्य स्तर के पदाधिकारियों को सलाम करती हूं जिन्होंने हमारे गांवों में स्वच्छता की स्थिति में सुधार लाने के लिए अथक प्रयास किए हैं। वे निस्संदेह भारत को एक स्वस्थ और स्वच्छ राष्ट्र में बदलने के लिए एक पथप्रदर्शक के रूप में उभरे हैं।

# नीतीश-तेजस्वी क्या संकेत दे रहे हैं ?




बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यू के नेता नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी यादव क्या संकेत दे रहे हैं? नीतीश ने कांग्रेस पार्टी की ओर से दिया गया न्योता ठुकरा दिया है, जबकि तेजस्वी के जाने की भी संभावना नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्रीनगर में 30 जनवरी को होने वाले भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए दोनों पार्टियों को न्योता भेजा था। लेकिन जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इस कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया। उन्होंने यात्रा की तारीफ की और शुभकामना दी लेकिन इसमें शामिल होने के सवाल पर कहा कि उनको नगालैंड में पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत करने जाना है।

सबको पता है कि यह एक बहाना है। फिर भी ललन सिंह ने एक बहाना देकर अपने को कांग्रेस के कार्यक्रम से दूर किया। लेकिन लगता है कि नीतीश कुमार को बहाना रास नहीं आया और इसलिए उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस का आंतरिक कार्यक्रम है और इससे जदयू का कोई मतलब नहीं है। वे विपक्ष के संभवतः इकलौते बड़े नेता हैं, जिन्होंने राहुल के नेतृत्व में हो रही कांग्रेस की यात्रा के बारे में कोई सकारात्मक टिप्पणी नहीं की है और न बाकी विपक्षी नेताओं की तरह उन्होंने राहुल को शुभकामना आदि दी है। राजद के नेता भी अभी तक बाकी सहयोगियों की तरह कहीं यात्रा में शामिल नहीं हुए हैं।

सवाल है कि दोनों क्या संदेश देना चाहते हैं? कांग्रेस उनकी सरकार में शामिल है और वे कांग्रेस के साथ गठबंधन में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नीतीश और तेजस्वी दिल्ली आए तो सोनिया गांधी से मिल कर गए थे। इसके बाद भी वे कांग्रेस से दूरी दिखा रहे हैं। नीतीश और तेजस्वी दोनों की पार्टी कांग्रेस की यात्रा से अभी तक दूर रहे हैं। क्या दोनों प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस को उसकी जगह दिखा रहे हैं ताकि कांग्रेस ज्यादा सीट न मांगे या किसी दबाव में दूरी बनाए हुए हैं?

# बाहरी कचरे से पहले आंतरिक अशुद्ध विचारों की स्वच्छता बेहद आवश्यक

हर साल 30 जनवरी राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि पर नेशनल क्लीनीनेस डे के रूप में मनाकर उन्हें सही अर्थों में श्रद्धांजलि दी जाती है, क्योंकि गांधीजी ने अपने विचारो और कर्मों में स्वच्छता को विशेष स्थान दिया था, उन्ही के विचारों और साफ-सफाई के महत्त्व को समझकर प्रत्येक ने अपने जीवन में स्वच्छता के गुणों को आत्मसात करना चाहिए। स्वच्छ वातावरण सभी के लिए सुखद होता है। पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। यह दिन घर के अंदर-बाहर, कार्यस्थलों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता के उच्च मानकों का पालन करने का आह्वान करता है। स्वच्छता स्वस्थ जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है, साथ ही स्वच्छता व साफ-सफाई हमारी दिनचर्या में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। परिवार के बड़ो ने बच्चों को अपने पर्यावरण स्वच्छ रखने की आवश्यकता की सिख देनी चाहिए। लोगों में प्रदूषण और गंदगी के जानलेवा खतरे की अनभिज्ञता उनको दर्दनाक मौत के कगार पर पहुंचाती है। जब स्वच्छता की बात आती है तो मनुष्य केवल खुद के बारे में सोचता है न कि समाज के प्रति अपने कर्तव्य के बारे में। जगह-जगह लोग गंदगी फैलाते नजर आते हैं। गंदगी द्वारा मच्छर, मक्खियां, कीड़े, कीटाणु पैदा होकर पर्यावरण को प्रदूषित करते और बीमारियां फैलाते है। यह समाज के लिए शर्म की बात है कि हम जिस वातावरण में रहते हैं, उसे ही गंदा करने पर तुले रहते हैं। विकसित देशों में साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया जाता है, सफाई संबंधित समस्या के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को कारावास और बड़ी मात्रा में जुर्माना भी लगाया जाता है। जब विदेशों में स्वच्छता संबंधी कानून सख्त होते हैं तभी वहां का परिसर इतना सुंदर, स्वच्छ और प्रगतिशील दिखता है क्योंकि कानूनों का अनुशासित तरीके से पालन किया जाता है।




हमारे देश में साफ-सफाई के बारे में जागरूकता की कमी के कारण अनेक दर्शनीय स्थलों, नदियों, झीलों, समुद्र तटों, ऐतिहासिक इमारतों, किलों, पर्यटन स्थलों आदि में पर्यटकों द्वारा फैलाई गंदगी और कचरा बड़ी मात्रा में देखा जा सकता है। शहर में कहीं भी खुले में कूड़ा जलाना कानूनन अपराध है, कूड़ा जलाने से वातावरण में जहरीली गैसें फैलती हैं, फिर भी कई लोग खुले में कूड़ा जलाते हैं। लोगों को न सरकार का डर दिखता है और न समाज का, सब अपने फायदे के हिसाब से जीते हैं। अक्सर शहरों की सोसायटी के आसपास, खुली जमीन या सड़क किनारे पर और बस्ती के किनारे कचरे के बड़े-बड़े ढेर देखे जा सकते हैं। कुछ जगहों पर तो लोग बिना किसी परवाह के सीधे फ्लैट, बिल्डिंग की बालकनी से ही कूड़ा फेंक देते हैं। दूसरे लोग भी एक-दूसरे को देखकर उस अशिष्ट व्यवहार की नकल करते हैं। लोग केवल अपने और अपने घरों को साफ रखते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि उनके बुरे व्यवहार से समाज को कितना नुकसान हो सकता है, यह उनके अशुद्ध विचारों का दोष है। हमारा घर, परिसर, गांव, शहर, राज्य, देश सब एक मानकर स्वच्छता का संकल्प लेना ही सबसे ज्यादा जरूरी है।

अगर हम समाज में कचरे का सही तरीके से निपटान चाहते हैं तो उसमें लोगों की भागीदारी बहुत जरूरी है। जनभागीदारी तभी प्राप्त हो सकती है जब लोग तैयार हों और अपनी जिम्मेदारी समझें, उसके लिए जरूरी है कि उनकी मानसिकता को बदला जाए, बेशक समाज को शुद्ध करने के साथ-साथ लोगों के विचारों को भी शुद्ध किया जाए, यह स्वच्छता का ही एक अहम हिस्सा है। परोपकार की भावना द्वारा किसी की निस्वार्थ मदद करना, किसी के दुख में साथ देना, किसी रोते हुए चेहरे पर मुस्कान लाना, इससे मिलने वाली खुशी और संतुष्टि की बात ही अलग है, जिसे आप कहीं से भी नहीं खरीद सकते। बाहरी कचरा मानवी स्वास्थ्य को बीमारी देता है लेकिन आंतरिक मानवीय कचरा मानसिक विकार को जन्म देता है और इसके बहुत गंभीर परिणाम होते हैं, एक का दोष पूरे समाज को प्रभावित करता है। अशुद्ध विचार से शक, स्वार्थ, अपराध, हीन भावना, लालच, भेदभाव, गंदे विचार, दूसरों में दोष ढूंढना, अहंकार, झगड़ालूपन जैसी बातें मानसिक विकार पैदा करने में मददगार हैं। ईर्ष्या, द्वेष, गुस्सा, दुर्व्यवहार, लोभ, नफरत से मनुष्य जानवर की भांति बनता जाता है। मन और मस्तिष्क में फैली गंदगी गलत कामों को बढ़ावा देकर समाज की समस्याओं में वृद्धि करती है, मनुष्य का चरित्र और व्यवहार उसके विचारो का ही परिणाम है। यदि हम अपने मन से ख़राब विचारों का कूड़ा-कचरा हटा दें तो हमें स्वतः ही समाज में अपने कर्तव्य का बोध हो जायेगा और और हम अच्छे आचरण द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वाह कर समाज में फैले बाहरी कूड़ा-कचरे की समस्या को दूर करने में एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकेंगे और सर्वत्र स्वच्छ, सेहतमंद वातावरण और सुखद विकास होगा।

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़







राज्य स्तरीय युवा महोत्सव

## 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों द्वारा सुआ और पंथी नृत्यों की शानदार प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन साईंस कालेज मैदान के मुख्य मंच और दूसरा मंच में लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति देखने को मिली। युवा कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में सुआ नृत्य और पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य मंच में पांचों संभाग के 15 से 40 आयु वर्ग में कलाकारों द्वारा पंथी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति हुई। पंथी नृत्य में रायपुर संभाग के प्रतिभागियों ने सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास जी के संदेशों को नृत्य- गीत के माध्यम से प्रस्तुत क़िया।



बेरा बखत के मोल ना समझो समय बड़ा बलवान है...अर्थात जीवन में समय का बड़ा महत्त्व होता है इस इस संदेश के साथ नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। दूसरे क्रम में सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले के प्रतिभागियों ने नृत्य के माध्यम से पिरामिड बनाकर साहसिक प्रदर्शन कर गीत के माध्यम से संदेश दिए। उन्होंने सुमर लगाऊ तोर, वंदना ला सुन ले मोर, ज्ञान गंगा ज्ञान दाता गुरु बाबा मोर.....गीत गायन के साथ गुरु बाबा गुरुघासीदास का स्मरण करते हुए मनमोहक प्रस्तुति दी ।तीसरे क्रम में दुर्ग संभाग के दुर्ग जिले के पंथी नर्तकों ने पिरामिड बनाक अद्भुत प्रस्तुति दी और अपने जोश एवं उल्लासपूर्ण नृत्य से लोगों को मंत्रमुंग्ध कर दिया। चौथे क्रम में बस्तर संभाग के कोंडागांव जिला और पांचवे और अंतिम प्रस्तुति बिलासपुर संभाग के जिला बिलासपुर के मस्तूरी विकासखंड के ग्राम रलिया के पंथी नर्तको ने दी।

कोंडागांव के दल ने सत्य के जोत जला के सतनाम बगराये, भक्त मन ला रद्दा दिखा के ज्ञान के दीप जलाए.....गीत के साथ बाबा गुरुघासीदास जी का चरणवन्दन कर पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी।

मांदर की ताल, सामूहिक रूप से कलाकरों के पैरों की लय, कलाकरों के जोश और उनके करतबों ने, पिरामिड बनाकर सलामी की प्रस्तुति ने दर्शकों को सहसा अपनी ओर आकर्षित किया। पंथी नृत्य में लड़कियों के समूह के जोशीले प्रदर्शन ने दर्शकों की भीड़ जुटाने में मुख्य भूमिका निभाई। इसी प्रकार मुख्य मंच के समीप दूसरे मंच में छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय नृत्य सुआ नृत्य की प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शुरू हुई। 15 से 40 आयु वर्ग में सुआ नृत्य में प्रदेश के पांचों संभागो के प्रतिभागियों ने ऐसी प्रस्तुति दी कि दर्शक भी स्वयं को भी सुआ नृत्य के ताल-लय में समाहित महसूस करने लगे। सुआ नृत्य प्रतियोगिता में पहली प्रस्तुति रायपुर संभाग के बलौदाबाजार जिले से आए नृत्य दल द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## प्रदेश में समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी और रागी की खरीदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी एवं रागी की फसलों को बढ़ावा देने के लिए इनकी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 60 लाख रूपए मूल्य की 18 हजार 328 क्विंटल कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी हो चुकी है।

राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोदो की खरीदी 30 रूपए प्रति किलो, कुटकी की खरीदी 31 रूपए और रागी की खरीदी 35.78 रूपए प्रति किलो की दर से की जा रही है। अब तक 15 हजार 889 क्विंटल कोदो, 793 क्विंटल कुटकी और 1 हजार 646 क्विंटल रागी की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी और रागी फसलों की खरीदी 15 फरवरी 2023 तक की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों द्वारा कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी की जा रही है। प्रमुख सचिव वन श्री मनोज कुमार पिंगुआ ने बताया कि किसानों के हित में इसका दायरा बढ़ाकर अब पूरे प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ की समस्त



प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से इन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य के ऐसे क्षेत्र, प्राथमिक लघु वनोपज समिति अथवा जिला यूनियन के कार्यक्षेत्र से बाहर स्थित है

ऐसे ग्रामों, क्षेत्रों को चिन्हांकित कर समीपस्थ प्राथमिक लघु वनोपज समिति एवं जिला यूनियन के कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया है। जिससे ऐसे क्षेत्रों में कोदो, कुटकी एवं रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो सके और इन फसलों का संग्रहण करने वाले संग्राहकों को समर्थन मूल्य का लाभ मिले।

खास खबर

### एंजेल एंग्लो हाई स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**गरियाबंद।** नगर स्थित एंजल एंग्लो हाई स्कूल में वार्षिक समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा के साथ हुआ ।एंजल्स एंग्लो हाई स्कूल वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे द्वारा प्राचार्य स्टेफ्ड बंस के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रहे टी आर देवांगन डिप्टी कलेक्टर गरियाबंद एवं अशोक कुमार बोरकर असीस्टेंट सेकेट्री सीजी बीएससी रायपुर साथ ही क्षेत्र के सभी सदस्य जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवम अभिभावक ने भाग लिया ।इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चे एवम बच्चियों द्वारा सामुहिक नृत्य, एकल नृत्य,कत्थक नृत्य,कुचिपुड़ी नृत्य,ओडिसा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में देश के सभी प्रदेशो के परिधान एवम सांस्कृतिक समागम से सुसज्जित छात्राओ ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रस्तुत की गई ।इस कार्यक्रम में ऐसा भी वक्त आया जिसमे अधिकांश लोग बच्चे के द्वारा प्रस्तुत किया एकांकी नाटक को देखकर भाव विहीन हो गए। कार्यक्रम के विषय मे स्टेफड़ बंस ने बताया कि शिक्षा के साथ संस्कार हमारा उद्देश्य हैं,विद्यालय डायरेक्टर स्टेफ़्ड बंस ने बताया कि आज के अधिकांश बच्चे बड़े उम्र के लोगो के पैर छूने में शर्माते है जबकि यही हमारी संस्कृति है।

## निर्वाचन से तय होती है देश की दिशा और दशाः अनुसुईया उइके

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आज भोपाल में आयोजित एक समारोह में प्रलय श्रीवास्तव द्वारा लिखित किताब "मध्यप्रदेश में चुनाव और नवाचार" पुस्तक का विमोचन किया। राज्यपाल ने समारोह को संबोधित करते हुए देश के कल्याण एवं विकास के लिए निर्वाचन एवं मताधिकार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि भारत न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है बल्कि यह मजबूत एवं सफल भी है।



इसका श्रेय उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में होने वाले नवाचारों एवं भारतीय जनमानस की लोकतंत्र में आस्था को दिया है। उन्होंने निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव को भारतीय लोकतंत्र की पहचान बताया। साथ ही उन्होंने इस अवसर पर देश निर्माण में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, मीडिया की भूमिका को भी रेखांकित किया।

राज्यपाल सुश्री उइके ने आज अपने कर्म स्थल मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित इस समारोह में शामिल होकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में निर्वाचन प्रक्रिया का विशेष महत्व है। हमारा लोकतंत्र न सिर्फ मजबूत बल्कि पूर्णतः सफल भी है।

उन्होने कहा कि निर्वाचन वह प्रक्रिया है जो देश की दिशा और दशा तय करती है। इससे न केवल राजनैतिक दलों का बल्कि देश का भविष्य भी तय होता है। राज्यपाल ने निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव को भारतीय प्रजातंत्र की सफलता बताया । उन्होंने कहा कि लोकतंत्र ,निर्वाचन के जरिए मतदाताओं को ईमानदार और सशक्त प्रतिनिधि चुनने का मौका देता है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव समाज में सकारात्मक परिवर्तन की बुनियाद है, जिससे देश का भविष्य तय होता है। इसीलिए समाज के सभी वर्गों को न सिर्फ निर्वाचन प्रक्रिया में पूरी ईमानदारी से भाग लेना चाहिए, बल्कि अपने बहुमूल्य वोट का उपयोग भी करना चाहिए। क्योंकि एक-एक बहुमूल्य वोट मिलकर ऐसी सरकार बनाते है, जिससे देश का हित जुड़ा होता है। इस देश का कल्याण और विकास पूरी तरह से मतदाताओं के वोट पर निर्भर करता है।

राज्यपाल ने चुनाव प्रक्रिया में होने वाले नवाचारों एव सुधारों को रेखांकित करते हुए, चुनाव प्रक्रिया में अपनाई जा रही तकनीकों को भी उल्लेखित किया।

उन्होंने कहा कि नवाचार ने चुनाव प्रक्रिया को आसान, विश्वसनीय और सरल बनाया है। निर्वाचन प्रक्रिया जितनी निष्पक्ष, शुद्ध और स्वतंत्र होगी, प्रजातंत्र भी उतना ज्यादा मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में सुधार के साथ साथ अपनाए गये नवाचारो ने लोकतंत्र के प्रति भारतीय जनमानस की आस्था को और मजबूत किया है। देश में वोट देने का अधिकार, अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सबसे बड़ा और सशक्त माध्यम है। राज्यपाल ने कहा कि मतदान के सशक्त अधिकार का उपयोग प्रत्येक व्यक्ति को ऐसी सरकार को चुनने में करना चाहिए, जिसमें हम सबका हित शामिल हो।

## यूनिवर्सल रेल मिल ने संचयी प्राइम रेल उत्पादन में 3 मिलियन टन के मील का पत्थर किया पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। रेल के विश्व के सबसे बड़े उत्पादक और आपूर्तिकर्ताओं में से एक, सेल-भिलाई स्टील प्लांट छह दशकों से अधिक समय से भारतीय रेलवे को गुणवत्ता, ग्रेड, प्रोफाइल और लंबाई के स्पेसीफिकेषन के अनुरूप विश्व स्तरीय रेल की आपूर्ति कर रहा है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ प्लांट की आधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल दुनिया की सबसे लंबी 130 मीटर लंबाई वाली सिंगल पीस बनाती है और भारतीय रेलवे को 260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनल की आपूर्ति करती है। 27 जनवरी 2023 की बी शिफ्ट में, यूनिवर्सल रेल मिल ने स्थापना के बाद से प्राइम रेल के 3 मिलियन टन संचयी उत्पादन का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया है।

स्टील मेल्टिंग शॉप 3, रिसर्च एंड कंट्रोल लैब, रिफ्रेक्टरी इंजीनियरिंग विभाग, एसएमएस-2, ट्रैफिक एंड डीजल विभाग, पीपीसी, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमेशन, इंस्ट्रूमेंटेशन और यूटिलिटी, भारतीय रेलवे और राइट्स सहित अन्य संबद्ध एजेंसियों के सहयोग से मिल ने यह उपलब्धि हासिल की है। भारतीय रेलवे ने 260 मीटर रेल वेल्डेड पैनलों के डिस्पैच हेतु नियमित रूप से विशेष रेक की आपूर्ति की है। प्रारंभ में, यूआरएम ने ग्रेड-880 या यूटीएस-90 रेल के साथ उत्पादन प्रारंभ किया था। समय के साथ भारतीय रेलवे भी स्वयं का आधुनिकीकरण कर रहा है और हाई एक्सल लोड के साथ तेज रेल परिवहन की ओर बढ़ रहा है, इस हेतु उसने सेल से माइक्रो-अलॉय रेल की मांग की।

इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, सेल-भिलाई द्वारा विकसित नई आर-260 60ई1 प्रोफाइल वाली रेल्स का एक नया ग्रेड रोल कर यूआरएम से भारतीय रेलवे को आपूर्ति की जा रही है। रेल के इस नए ग्रेड के मानदंड और स्पेसीफिकेषन, ग्रेड-880 रेल और यहां तक कि यूरोपीय मानकों की तुलना में अधिक कड़े हैं। नियमित उत्पादन के दौरान, यूआरएम ने भारतीय रेलवे की मांग के अनुसार 1175 एचटी हेड हार्डेन्ड रेल के ट्रायल्स भी लिए हैं।

सेल-भिलाई स्टील प्लांट के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और ईडी (वर्क्स) अंजनी कुमार, ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी। सीजीएम (यूआरएम) अनीश सेनगुप्ता ने उपलब्धि के लिए अपनी टीम और अन्य संबंधित विभागों और एजेंसियों को श्रेय दिया। उन्होंने यूआरएम को सहयोग देने के लिए बीएसपी के सभी केंद्रीय एजेंसियों का भी आभार जताया। गौरतलब है कि यूआरएम ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल से दिसंबर की अवधि के लिए अब तक का सबसे अच्छा प्राइम रेल उत्पादन दर्ज किया है।

## पहली बार गरियाबंद पहुंचे मंत्री डहरिया ने खोला सौगातों का पिटारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** पहली बार गरियाबंद पहुंचे मंत्री शिव डहरिया ने एक साथ कई विकास कार्यों की सौगातें गरियाबंद नगर को दी। न्यू सर्किट हाउस में उन्होंने लोगो की मांग पर करीब 4 करोड़ से अधिक रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की।

मंत्री डहरिया गुरुवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झंडा फहराने गरियाबंद पहुंचे थे ।कांग्रेस के सत्ता में आने और नगरी प्रशासन मंत्री बनने के बाद डहरिया का यह पहला गरियाबंद दौरा था,लिहाजा नगर को उनसे उम्मीदें भी ज्यादा थी,डहरिया उन उम्मीदों पर खड़ा भी उतरे, जो उनसे मिला,अपनी समस्या और मांगे रखी,सभी को डहरिया ने पूरा किया ।इतना ही नहीं आगे चल कर उन्होंने चार निकायों में फ्लट लाइए के लिए खुद से ही घोषणा की।



इससे पहले मंत्री डहरिया ने नगर के नया तालाब और छिंद तालाब के सफाई और सौंदरीकरण के लिए 3 करोड़ की घोषणा की ।इसके अलावा देवरिन तालाब और रावणभाटा तालाब के सफाई के लिए 25-25 लाख रूपए देने की घोषणा की ।नगर के रमेश मेश्राम और अवध राम ने इसके लिए मांग रखी थी ।वही गरियाबंद जिला प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिये 25 लाख रुपये की स्वीकति दिये जिसके चलते प्रेस क्लब ने मंत्री का आभार ब्यक्त किये ।इसके अलावा सतनामी समाज सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रूपए,पेंशनर समाज भवन के लिए 10 लाख रूपए,नगर के विभिन्न सड़को के निर्माण हेतु 50 लाख रूपए,चारो निकाय गरियाबंद,छुरा, फिंगेश्वर और राजिम में स्टेडियम में फ्लट लाइट लगाने 10-10 रुपए देने की घोषणा भी मंत्री डहरिया ने की। साथ ही नगर में 100 नई दुकान निर्माण के लिए प्रस्ताव भी मांगा। पहली बार में दिखे डहरिया के इस अलग रूप दरियादिली की अब जमकर तारीफ हो रही है।

गलतफहमी के चलते सस्पेंड होने से बाल बाल बचे सीएमओ

न्यू सक्रिय हाउस में आम लोगो से रूबरू होने के दौरान नगर पालिका सीएमओ टामसन रात्रे पर निलंबन की गाज से बाल बाल बचे ।मंत्री डहरिया ने उनके निर्देश का पालन नहीं करने को लेकर तो अपने मातहतों को निलंबन आदेश के लिए फोन भी कर दिया था लेकिन कलेक्टर प्रभात मलिक और मीडिया के निवेदन के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया और टामसन रात्रे को चेतावनी देते हुए राहत दे दी ।दरअसल नगरीय प्रशासन मंत्री डेहरिया ने दो महीने पहले सीएमओ नगर पालिका को पेंशनर समाज के सामुदायिक भवन के लिए प्रस्ताव मांगा था,परंतु मंत्री मिलने पहुंचे पेंशनर समाज ने बताया की अब तक प्रस्ताव नहीं भेजा है।

इस पर मंत्री भड़क उठे, उन्होंने सीएमओ को बुलाकर तलब किया। उन्होंने दो टूक की शासन के आदेश की अवहेलना कर रहे हो,ऐसा नहीं चलेगा। जिसके बाद उन्होंने सेकेट्री को फोन कर दिया ।इस बीच जिला प्रशासन और नगरपालिका सीएमओ के द्वारा वस्तुस्थिति से मंत्री को अवगत कराया गया साथ ही कलेक्टर प्रभात मालिक ने भी मंत्री से निवेदन किया और नगर विकास में सीएमओ की भूमिका बताए तब मंत्री की नाराजगी खत्म हुआ।

### विकास खंड के पहले गांव टुईंयामुड़ा में आज से हाथ जोड़ों पद यात्रा की हुई शुरुवात

**गरियाबंद।** भारत जोड़ो पदयात्रा की तर्ज पर शनिवार को गरियाबंद विकास खंड के पहले गांव टुईंयामुड़ा मे हाथ से जोड़ों पद यात्रा के ब्लॉक प्रभारी युगल किशोर पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेस पदअधिकारियों ने हाथ जोड़ो पदयात्रा की शुरुआत की वही ग्राम टुईंयामुड़ा में ब्लॉक प्रभारी युगल किशोर पांडेय व कांग्रेस पदअधिकारियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनकल्याणकारी योजनाएं जनता से किए गए वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को लोगों को बताया और ग्राम के लोगों व अंतिम व्यक्ति के घर तक पहुंच कर सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जनकारी दिया गया वही आज हाथ जोड़ों पद यात्रा के प्रथम दिन ग्राम टुईंयामुड़ा से ग्राम पंचायत बारुका,कोदोबतर,पहुंचे जहाँ गरियाबंद कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष मों हाफिज खान ने भी लोगों से चर्चा करते हुए कहा छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के लोगों के लिए ऐतिहासिक काम कर रही है उन्होंने कहा की पूरे देश में छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का चर्चा है ।हाथ जोड़ों पद यात्रा में युगल किशोर पांडेय हाथ जोड़ों पद यात्रा ब्लॉक प्रभारी गरियाबंद,हाफिज खान ब्लॉक अध्यक्ष,अमृत निषाद,अवध राम यादव,घनश्याम ओगारे,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पद अधिकारी हाथ जोड़ों पद यात्रा में सामिल हुए।






## खास खबर...

### अंगदान के लिए एसओपी बनाए जाने की आवश्यकताः एम्स

**रायपुर ( ए )।** अंगदान और अंग प्रत्यारोपण को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें देशभर के प्रमुख विशेषज्ञों ने देश में बढ़ती अंग प्रत्यारोपण की मांग को देखते हुए एक प्रक्रिया (एसओपी) बनाए जाने की जरूरत पर बल दिया जिससे चिकित्सकों, रोगियों, अंगदान करने वालों और अंग प्रत्यारोपण कराने वालों को सुनिश्चित प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया जा सके।

नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ एम्स के तत्वावधान में यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और नेत्र रोग विभाग के चिकित्सकों ने कार्यशाला में अंगदान के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि देश में बढ़ती जनसंख्या के साथ लाखों रोगियों को अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता पड़ रही है। समाज में जागरूकता फैलाकर अंगदान के प्रति सकरात्मक नजरिया अपनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एम्स में किडनी और कॉर्निया ट्रांसप्लांट के बाद लीवर और बोनमैरो के प्रत्यारोपण की सुविधा भी प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

कार्यशाला में अंगदान के विभिन्न पहलुओं, आवश्यकता, अनुशंसा और अनुमति की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अंगदाता को प्राप्त अधिकार और विशेष सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला गया। बांबे हॉस्पिटल, इंदौर के उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित जोशी ने मृतक के अंगदान के विधिक पक्ष की जानकारी दी। एम्स दिल्ली के न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ. दीपक गुप्ता ने ब्रेन डैड रोगी के अंगदान के बारे में बताया। मोहन फांउडेशन के डॉ. सुनील श्रॉफ ने ऑर्गन डोनेशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की।

### 30 जनवरी को महात्मा गांधी की शहादत को याद करेगा रायपुर

**रायपुर ( ए )।** महात्मा गांधी की शहादत के 75वें साल पूरे होने पर देश भर में होने वाले कार्यक्रमों के सिलसिले में रायपुर में 30 जनवरी को छत्तीसगढ़ की तीन संस्थाएं मिलकर एक बड़ा कार्यक्रम कर रही हैं। साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू सभागार में सुबह 10.30 बजे से चर्चा, संवाद, गांधी भजन और पोस्टर व चित्र प्रदर्शनी आयोजित किए जा रहे हैं।

आयोजक संस्थाओं साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़, सन्मति और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा है कि यह कार्यक्रम प्रेम, करुणा और विवेक के अविस्मरणीय नायक महात्मा गांधी की अनमोल विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने की एक विनम्र कोशिश है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अपने जीवन की हर सांस को भारत की आजादी व स्वाभिमान के लिए समर्पित कर देने वाले उस महानायक के प्रति आभार जताना है, जो सर्वोच्च मानवीय मूल्यों का एक मूर्तमान रूप बन गया था। जिसका प्रेम और अभय आज भी आजाद और लोकतांत्रिक भारत के लिए प्रेरणा का चिरस्थायी स्रोत है। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त, सन्मति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के राज्य प्रमुख सुनील साह ने बताया कि इस कार्यक्रम में जागरूक नागरिक, खास तौर पर युवा, इकट्ठे होकर गांधी और उनके उसूलों व जीवन आदर्श को याद करेंगे।

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव एवं लोक साहित्य महोत्सव का आगाज

# युवा महोत्सव से मिल रहा युवाओं को अभिव्यक्ति का अवसरः डॉ.टेकाम

## राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति एवं परम्पराओं का संगम है युवा उत्सव - खेल मंत्री पटेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस महोत्सव से युवाओं को अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के लिए बेहतर मंच मिल रहा हैं। वहीं राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, लोक खेल, परम्पराओं आदि को जानने और समझने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि इस आयोजन में संस्कृति विभाग द्वारा लोक साहित्य सम्मेलन का भी आयोजन किया जा रहा है।



स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ युवाओं का प्रदेश है, यहां की युवाओं में अद्भुत प्रतिभा है। ऐसे आयोजनों से युवाओं की छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। उन्हें प्रोत्साहन मिलता है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक सदभाव का वातावरण का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि गत चार वर्षो में राज्य की युवा प्रतिभाओं को तरासने के लिए अनेक प्रकार का आयोजन जैसे छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक, राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का कराए गए हैं। हमारा यह प्रयास रहा है कि युवाओं की ऊर्जा और उत्साह केवल आयोजनों तक सीमित न रहे, बल्कि उनका रचनात्मक कार्यो में भी इस्तेमाल होता रहे। युवाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए राजीव एवं युवा मितान क्लब का गठन किया गया है। डॉ.टेकाम ने युवा उत्सव में भाग लेने वाले सभी युवाओं और इसके आयोजन से जुड़े खेल एवं युवा कल्याण विभाग बधाई और शुभकामनाएं दी। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवा महोत्सव में कुल 38 विभिन्न विधाएं आयोजित की जा रही हैं, जिसमें 24 सांस्कृतिक विधाएं 6 खेल विधाएं तथा 7 अन्य विधाएं का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ छत्तीसगढ़ लोक साहित्य सम्मेलन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी, कुड़ूख, सरगुजिहा इत्यादि बोलियों में साहित्य सृजन का आयोजन किया जा रहा है। इससे हमारे प्रदेश के साहित्यिक विधा संरक्षित होगी और उनका संवर्धन भी होगा। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव छत्तीसगढ़ की विविध संस्कृति एवं परम्पराओं का संगम है। शुभारंभ समारोह को संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया, धरसींवा विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, खेल एवं युवा विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का एवं संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्वेता सिन्हा उपस्थित थीं।

### मार्च पास्ट में दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति

युवा महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न संभागों के युवाओं के दल ने अपनी परम्परागत लोक नृत्य को प्रदर्शित करते हुए मार्च पास्ट किया। आकर्षक वेशभूषा में सजे-धजे युवाओं के नृतक दल ने विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। दुर्ग संभाग के पंथी और डंडा नृत्य, बस्तर संभाग के ककसार, बिलासपुर संभाग के राउत नाचा एवं डंडा नाच, सरगुजा संभाग के करमा एवं सरहुल, रायपुर संभाग के करमा और पंथी नृतक दलों ने अपनी प्रस्तुति के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

### विजेता प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में तीन हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें प्रत्येक आयु वर्ग में महिला एवं पुरूष प्रतिभागियों को दलीय खेलों में प्रथम स्थान के लिए 10 हजार, द्वितीय स्थान के लिए साढ़े सात हजार, तृतीय स्थान के लिए 5 हजार के पुरस्कार दिए जाएंगे। एकल विधाओं में प्रथम स्थान के लिए एक हजार, द्वितीय स्थान के लिए 750 एवं तृतीय स्थान के लिए 500 रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सवः युवाओं ने दी करमा नृत्य की शानदार प्रस्तुति

प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रायगढ़, दूसरे स्थान पर कांकेर, तीसरे स्थान पर सूरजपुर




**रायपुर।** रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य युवा महोत्सव के पहले दिन मुख्य मंच मांदर की थाप पर थिरकते कलाकारों के नाम रहा। युवा कलाकारों ने अपने लय और ताल से समा बांध दिया। दर्शकों ने भी कलाकारों की शानदार प्रस्तुति पर खुशियां जाहिर की। करमा नृत्य की 15 से 40 आयु वर्ग की प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रायगढ़, दूसरे स्थान पर कांकेर, तीसरे स्थान पर सूरजपुर रहा।

साइंस कॉलेज मैदान में दुर्ग, रायगढ़, सूरजपुर, कांकेर और बालोद जिले के कलाकारों ने पारम्परिक परिधानों से सज-धज कर मुख्य मंच पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। करमा नृत्य दर्शकों को खूब भाया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में प्रचलित अनेक लोक नृत्यों में से करमा नृत्य एक है। करमा नृत्य राज्य में निवास करने वाली जनजातियों द्वारा किया जाता है। ये जनजातियां सरई एवं करम वृक्ष के नीचे इकठ्ठा होकर करमा गीत गाकर नृत्य करते हैं। जनजाति समूह वर्ष में एक बार इकठ्ठा होकर देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करके उत्सव मनाते हैं और करम वृक्ष की टहनी को जमीन में गड़ाकर चारों और घूम-घूमकर आनंदपूर्वक करमा नृत्य करते हैं। करमा नृत्य हमें कर्म का संदेश देता है।

मुख्य मंच पर सरगुजा संभाग से सूरजपुर जिला, बिलासपुर संभाग से रायगढ़ जिला, दुर्ग संभाग से बालोद जिला, बस्तर संभाग से कांकेर जिला और रायपुर संभाग से महासमुंद जिले के 15 से 40 आयु वर्ग के कलाकारों ने पारंपरिक गीतों एवं धुन पर समूह में नृत्य करके युवक-युवतियों ने सबका मन मोह लिया। सूरजपुर जिले के युवाओं ने स्थानीय लोकगीत के साथ रायगढ़ जिला के लोक कलाकारों ने सफेद वेशभूषा में मधुर संगीत की धुन पर और बालोद जिले के युवाओं ने छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता की जयकारे के साथ करमा नृत्य की प्रस्तुति दी।

राज्य स्तरीय युवा महोत्सव

## राज्य की योजनाओं पर आधारित दोहे गाकर राउत नाचा की दी प्रस्तुति



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी के साईंस कॉलेज मैदान में चल रहे युवा महोत्सव में सरगुजा संभाग के कोरिया जिले के दल ने राउत नाचा की मनमोहक प्रस्तुति दी। यह 14 वर्ष के अधिक आयु वर्ग की प्रस्तुति थी। दल सदस्यों ने आकर्षक वेशभूषा में रंग-बिरंगी सजी हुई लाठियों के साथ कदम-ताल मिलाते हुए राउत नाचा प्रस्तुत किया। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि उन्होंने राज्य की प्रमुख योजनाओं स्वामी आत्मानंद स्कूल, नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी पर आधारित दोहे गाये।

उल्लेखनीय है कि राउत नाचा' या राउत नाच या राउत-नृत्य, यादव समुदाय का दीपावली पर किया जाने वाला पारंपरिक नृत्य है। इस नृत्य में यादव समाज के लोग विशेष वेशभूषा पहनकर, हाथ में सजी हुई लाठी लेकर टोली में गाते और नाचते हुए निकलते हैं। गांव में प्रत्येक गृहस्वामी के घर में नृत्य के प्रदर्शन के पश्चात् उनकी समृद्धि की कामना युक्त पदावली गाकर आशीर्वाद देते हैं। टिमकी, मोहरी, दफड़ा, ढोलक, सिंगबाजा आदि इस नृत्य के मुख्य वाद्य हैं। नृत्य के बीच में दोहे गाये जाते हैं।

राज्य युवा महोत्सव 2023

## साइंस कॉलेज में दिखी बस्तर की संस्कृति की झलक



### युवा कलाकारों ने हल्बी और गोंड़ी गायन के बीच जोश और ऊर्जा से भरे पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मोर पंख, गौर सिंग एवं कौडियों से सजे परिधान में युवा कलाकारों ने राजधानी के साइंस कॉलेज परिसर में चल रहे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में बस्तर की संस्कृति पर आधारित नृत्यों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

युवा कलाकारों ने हल्बी और गोंड़ी गायन के बीच जोश और ऊर्जा से भरे पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन किया। उनकी वेशभूषा के साथ ही नृत्य में लय और ताल देखते ही बन रहा था। बस्तर की कला और संस्कृति की अनुपम छटा नृत्य और गायन में दिख रही थी। प्रतियोगिता दो आयु वर्ग में आयोजित की गई, जिसमें 15 वर्ष से 40 वर्ष तक और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के दल शामिल थे। प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष आयु में रायपुर संभाग की धमतरी जिला, बस्तर संभाग की कोण्डागांव जिला, बिलासपुर संभाग की सक्ती जिला, दुर्ग संभाग की खैरागढ़ जिला, सरगुजा संभाग से कोरिया जिला के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसी प्रकार 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में बस्तर संभाग की नारायणपुर जिला एवं दुर्ग संभाग की मोहला-मानपुर के कलाकारों ने बढ़-चढ़ कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## लोक साहित्य को लिपिबद्ध करने साहित्यकारों ने दिखाई एकजुटता

**रायपुर।** साइंस कॉलेज परिसर में स्थित ऑडिटोरियम में 28 से 30 जनवरी तक आयोजित राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ी साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ी साहित्य सम्मेलन का शुभारंभ संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग विवेक आचार्य ने दीप प्रज्वलित और राजगीत के साथ किया। इस अवसर पर साहित्यकार रामेश्वर वैष्णव ने उपस्थित साहित्यकारों को सम्बोधित कर अपना अनुभव साझा किया। साहित्य सम्मेलन प्रथम सत्र छत्तीसगढ़ के लोक साहित्य के उन्नयन में युवाओं की भूमिका विषय पर आधारित था। इसमें पांच प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभाई। सम्मलेन में डॉ. पी. सी. लाल यादव गंडई-पंडरिया, सरला शर्मा भिलाई-दुर्ग, डॉ. अनिल कुमार भतपहरी रायपुर, चंद्रशेखर चकोर रायपुर और सुदामा गुप्ता सरगुजा के लोक साहित्यकार शामिल हुए। इसी तरह दूसरे सत्र में 7 साहित्यकारों ने भाग लिया। जिसमें डॉ. सुधीर पाठक सरगुजा, कुसुम माधुरी टोप्पो जशपुर, रूद्र नारायण पाणिग्रही जगदलपुर, अरुण कुमार निगम दुर्ग, शकुंतला तरार रायपुर और डॉ. सुधा वर्मा रायपुर के साहित्यिकार शामिल हुए। छत्तीसगढ़ लोक साहित्य सम्मेलन का दूसरा सत्र छत्तीसगढ़ के आंचलिक साहित्य में युवाओं की भूमिका विषय पर आधारित रहा।

## बुजुर्ग परसराम ने दिखाया अपना दमखम

**रायपुर।** राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में राउत नाचा की प्रतियोगिता में रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग के ग्राम देवरी निवासी 75 वर्षीय दरसराम यादव ने राऊत नाचा में अपना दमखम दिखाया। उन्होंने अपनी कला के उत्कृष्ट प्रदर्शन से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। राउत नाचा की प्रतियोगिता में उनका उत्साह देखते ही बनता था। उनकी कला को देखकर दर्शक और युवा वर्ग आश्चर्य चकित हुए। श्री यादव ने बताया कि वे 10 वर्ष की आयु से लगातार नृत्य कर रहे हैं। गांव में भी उनके साथ 5-6 हमउम्र साथी अभी भी डांस करते हैं। उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा साईंस कॉलेज मैदान में 28 से 30 जनवरी तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संभाग से आए प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।



नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# दुनिया भर में पठान का जलवा

## 4 दिन में 400 करोड़ का आंकड़ा पार

**दुनियाभर में पठान का जलवा कायम है। वीकेंड की छुट्टी का पठान को भरपूर फायदा मिला। पठान फिल्म के चौथे दिन के कलेक्शन भी सामने आ गए हैं। पठान ने चौथे भारत में 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। वहीं वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो चौथे दिन की 400 करोड़ का आंकड़ा पार किया है।**

पठान ने तीसरे दिन भी शानदार कमाई की वहीं शनिवार की छुट्टी का पठान को भरपूर फायदा मिला है। ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला के मुताबिक, पठान ने चौथे दिन करीब 52 करोड़ रुपये का कलेक्शन अपने नाम किया है. इसी के साथ फिल्म ने महज चार दिनों में 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। पठान का जादू भारत के साथ दुनिया भर में देखने को मिल रहा है। विदेशों में भी पठान तूफानी रफ्तार से कमाई कर रही है। पठान ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 4 दिनों में 400 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर लिया है।

कमाई के यह आंकड़े बता रहे हैं कि थियेटर्स का सूनापन खत्म हो गया है। बंद पड़े सिंगल थियेटर्स फिर से खुल गए। शनिवार की धुआंधार कमाई के बाद संडे की छुट्टी के दिन भी पठान कमाल करने वाली है। संडे के लिए एडवांस बुकिंग जोरों पर हुई है। शनिवार की तरह रविवार को भी पठान को लाखों दर्शक मिलने की उम्मीद है।

बता दें पठान ने पहले दिन भारत में 57 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। ग्रैंड ओपनिंग के साथ पठान ने 'केजीएफ चैप्टर 2' 'बाहुबली 2' जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया। दूसरे दिन 70 करोड़ से ज्यादा के कलेक्शन के साथ फिल्म ने एक बार फिर से रिकॉर्ड बनाया और 2 ही दिन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। तीसरे दिन 'पठान' की कमाई में गिरावट आई और इसका कलेक्शन 34 से 36 करोड़ के बीच रहा लेकिन शनिवार को फिल्म ने फिर से रफ्तार पकड़ते हुए 52 करोड़ की कमाई की।

# रात में सोने से पहले पीएं ये 5 तरह की चाय, आएगी सुकून भरी नींद

आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण लोग अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में कई तरह की बीमारियां उन्हें घेर लेती हैं और फिर जिम्मेदारियों को पूरा करने की चिंता में वह रात में ढंग से सो भी पाते हैं। यदि आप भी इसी तरह की दिक्कतों का सामना कर रहे हैं तो आइए आज पांच ऐसी चाय के बारे में जानते हैं, जिनके सेवन से आपको रात में सुकून भरी नींद आने में मदद मिलेगी।



### पुदीने की चाय

पुदीने में एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण होते हैं, जो मांसपेशियों में आई सूजन को कम करता है और शरीर को आराम पहुंचाता है। यदि आपको रात में जल्दी नींद नहीं आती है तो सोने से लगभग एक घंटे पहले पुदीने की चाय पी लें। लाभ के लिए सबसे पहले पानी उबालें और फिर उसमें पुदीने की पत्तियां, काली मिर्च पाउडर और काला नमक मिलाएं। अब कप में इसे छानकर गरमागरम पी लें।

### लैवेंडर टी

लैवेंडर एक तरह की जड़ी-बूटी है, जिसका इस्तेमाल आयुर्वेद में औषधि के रूप में किया जाता है। इसकी कलियों को उबालकर बनी चाय सुकून भरी और गहरी नींद लाने में मदद करती है। साथ ही यह पाचन को भी दुरुस्त करती है। लाभ के लिए सबसे पहले पानी उबालें और फिर उसमें लैवेंडर के फूल डाल दें। अच्छे से पकने के बाद इसे कप में छान लें और अपने स्वादानुसार शहद डालकर पी लें।

### अश्वगंधा की चाय

दिनभर के तनाव और एंग्जायटी के कारण भी रात में अच्छे से नींद नहीं आती है। ऐसे में आप अश्वगंधा की चाय का सेवन कर सकते हैं। इसमें ट्राइथिलीन ग्लाइकोल नामक यौगिक होता है, जिससे गहरी नींद आने में और स्ट्रेस फ्री होने में मदद मिलती है। लाभ के लिए सबसे पहले पानी उबालें और फिर उसमें दूध, चीनी और अश्वगंधा की पत्ती या पाउडर डालें। चाय को अच्छे से पकाएं और फिर इसे छानकर पी लें।


### कम कैफीन वाली ग्रीन टी

नियमित ग्रीन टी पीने की तुलना में कम कैफीन वाली ग्रीन टी पीने से तनाव और थकान में कमी आती है। इसके साथ ही यह अनिद्रा की समस्या दूर करके अच्छी नींद लाने में भी मदद करती है। लाभ के लिए सबसे पहले पानी को उबालें और फिर उसे एक कप में डाल दें। अब कम कैफीन वाले ग्रीन टी बैग को कप में डालें और करीब दो-तीन मिनट बाद इस हर्बल टी का सेवन करें।

### कैमोमाइल टी

कैमोमाइल में एपिजेनिन नाम का फ्लेवोनोइड होता है, जो नींद के प्रभाव को बढ़ाने में मदद करता है। इसके साथ ही इसका एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मांसपेशियों की सूजन को कम करता है और दिमाग को शांत करके अच्छी नींद दिलाने में मदद करता है। लाभ के लिए सबसे पहले पानी उबालें और फिर उसमें कैमोमाइल के फूल डाल दें। अच्छे से उबलने के बाद इसे बगैर छाने फूल सहित कप में डालें और स्वादानुसार शहद मिलाकर पी लें।

# वेलवेट शॉर्ट ड्रेस पहनकर नेहा मलिक ने दिए सिजलिंग पोज



भोजपुरी इंडस्ट्री की बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक नेहा मलिक हमेशा अपने लुक्स के कारण इंटरनेट पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में सुर्खियां बटौरने लगती हैं। अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में नेहा मलिक ने इंस्टाग्राम पर बेहद ही सेक्सी अंदाज में फोटोशूट करवाया है जिसमें उनके लुक्स को देख कर लोग अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना पहचाना नाम है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राप पर सांझा की हैं। अभिनेत्री नेहा मलिक ने अपनी इन तस्वीरों में वेलवेट डीप नेक और शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने बेहद ही सेक्सी पोज देते हुए स्टेयर्स के पास खड़े होकर एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं। नेहा मलिक आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं का जलवा बिखेर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिका भोजपुरी इंडस्ट्री के साथ-साथ पंजाबी और साउथ इंडस्ट्री में भी काम कर चुकी हैं। बता दें कि एक्ट्रेस के पंजाबी म्यूजिक वीडियोज भी रिलीज होते रहते हैं। नेहा मलिक हर बार अपने लुक्स से इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी हर एक बोल्ड पोज से इंटरनेट पर बवाल मचा देती हैं।

# पथरी और डायरिया में भूल से भी न खाएं टमाटर सेहतमंद होने के साथ ही है नुकसानदायक



प्रकृति शरीर और मस्तिष्क को सेहतमंद रखने के लिए औषधीय गुणों से युक्त फल, सब्जी, मसाले और द्रव्य प्रदान करती है। शरीर की भिन्न भिन्न समस्याओं के लिए उपयोगी प्राकृतिक भोज पदार्थ अमृत तुल्य हैं। ये खाद्य पदार्थ उपयोगी हैं, इस बात का प्रमाण प्राचीन आयुर्वेदिक व यूनानी ग्रंथों में ही नहीं मिलता, बल्कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी इनके गुणों का बखान करता है। कई वैज्ञानिक शोध में यह प्रमाणित हो चुका है कि फल, सब्जी, मेवे, मसाले और दूध- दही आदि पदार्थों में विटामिन, खनिज और कार्बोहाइड्रेट जैसे शरीर के लिए आवश्यक तत्वों का भंडार हैं। प्राकृतिक भोज्य पदार्थ शरीर को निरोगी बनाते हैं। इन्हीं औषधीय गुणों से युक्त फलों और सब्जियों की श्रेणी में टमाटर शामिल है। टमाटर के सेवन के कई फायदे हैं, लेकिन किसी भी चीज का सेवन अगर सही तरीके और मात्रा में न किया जाए तो वह नुकसानदायक भी हो सकता है। ऐसे में टमाटर के सेहतमंद फायदों के साथ ही स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नुकसान के बारे में जानें, ताकि टमाटर का सेवन कैसे और कैसे करना है, इसकी पूरी जानकारी रहे।

### टमाटर में पाए जाने वाले पोषक तत्व

टमाटर में अच्छी खासी मात्रा में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-के पाया जाता है। इसके अलावा पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, तांबा और नियासिन जैसे पोषक तत्व भी टमाटर में होते हैं। सबसे अच्छी बात ये है कि टमाटर में सोडियम, कोलेस्ट्रॉल और कैलोरी की मात्रा बेहद ही कम होती है।

### टमाटर के सेवन के फायदे

**वजन कम करता है:** टमाटर का सेवन वजन कम करने में मदद करता है। टमाटर में फाइबर के गुण होते हैं, जो आंतों को स्वस्थ रहता है। साथ ही सलाद में टमाटर खाने व सूप व जूस पीने से वजन कम किया जा सकता है।

**आंखों के लिए फायदेमंद:** टमाटर में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो आंखों के लिए फायदेमंद है। विटामिन और मिनरल के गुणों के कारण टमाटर के सेवन से आंखें स्वस्थ रहती हैं।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है:** कोविड काल से लोग अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए आहार में पौष्टिक चीजों का सेवन कर रहे हैं। ऐसे में टमाटर को अपने डाइट प्लान में शामिल कर सकते हैं। विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट, लाइकोपीन और बीटा-कैरोटीन के तत्व टमाटर में होते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए फायदेमंद हैं। सर्दी-जुकाम जैसे इंफेक्शन से बचाने का काम भी टमाटर करता है।

टमाटर के सेवन से नुकसान

### किडनी स्टोन की समस्या

अगर आपको किडनी से जुड़ी बीमारी हैं तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। शोध के मुताबिक, टमाटर का अधिक सेवन किडनी स्टोन का खतरा बढ़ा सकता है। टमाटर में पाया जाने वाला कैल्शियम ऑक्सालेट किडनी के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे पथरी की शिकायत होने की संभावना है। ऐसे में अगर किडनी स्टोन के लक्षण दिखें तो टमाटर का सेवन न करें।

### डायरिया की शिकायत

जो लोग डायरिया की समस्या से ग्रसित हैं, उन्हें टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए। दस्त या डायरिया होने पर ज्यादा टमाटर खाने से तकलीफ अधिक बढ़ सकती है। टमाटर में साल्मोनेला नाम का बैक्टीरिया पाया जाता है, जो डायरिया बढ़ाने का काम करता है।

### एसिडिटी

टमाटर में बहुत अधिक मात्रा में अम्लीयता पाई जाती है। इसलिए टमाटर के अधिक सेवन से एसिडिटी की समस्या हो सकती है। टमाटर खाने से सीने में जलन की भी कुछ लोगों को शिकायत रहती है।

### 'फिल्म लकड़बग्घा का बनेगा सीक्वल, इसी साल शुरू होगी शूटिंग

अंशुमन झा की फिल्म लकड़बग्घा 13 जनवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। हालांकि, अंशुमन ने लकड़बग्घा के लिए न्यूयॉर्क में दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। अब उन्होंने खुलासा किया है कि वह जल्द इस फिल्म का सीच्ल बनाएंगे और इसी साल यानी 2023 में फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। इस खबर की पुष्टि उन्होंने खुद पुरस्कार जीतने के बाद की।

लकड़बग्घा में एक साधारण लड़के की असाधारण कहानी दिखाई गई है, जो अवैध पशु व्यापार इंडस्ट्री के खिलाफ जंग छेड़ता है। फिल्म में मिलिंद सोमन एक मार्शल आर्ट ट्रेनर की भूमिका में हैं, वहीं अंशुमन ने जानवरों के रक्षक का किरदार निभाया है। लकड़बग्घा के निर्देशक विक्टर मुखर्जी हैं, जबकि आलोक शर्मा फिल्म के लेखक हैं। इसमें रिधि डोगरा और परेश पाहुजा जैसे कलाकार भी हैं। अब दर्शक इसके सीच्ल का इंतजार कर रहे हैं।

### रजनीकांत की फिल्म जेलर में हुई तमन्ना भाटिया की एंट्री

रजनीकांत की आने वाली मूवी जेलर इन दिनों खासा सुर्खियों में हैं। इस मूवी को बीस्ट फिल्म के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार बनाने में लगे हुए है। फिल्म को लेकर बहुत लंबे समय से खासा बज बना हुआ है। अब इस मूवी की स्टारकास्ट में एक और नई एंट्री हुई है। बाहुबली स्टार तमन्ना भाटिया ने आज इंस्टाग्राम के जरिए घोषणा की है कि वो सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर में दिखाई देने आने वाली हैं। इस ऐलान के बाद से ही कॉलीवुड और टॉलीवुड की दुनिया में हंगामा मच गया। अदाकारा तमन्ना भाटिया साउथ फिल्मों की तो बड़ी स्टार हैं ही... साथ ही हिंदी दर्शकों के मध्य भी जाना-माना नाम बन चुकी है। अदाकारा बाहुबली के अलावा हिम्मतवाला, हमशक्ल और एंटरटेनमेंट जैसी मूवी दे चुकी हैं।

खबरों का कहना है कि तमन्ना भाटिया स्टारर सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर को मेकर्स पैन इंडिया स्तर पर रिलीज करने जा रहे है। सुपरस्टार रजनीकांत का क्रेज हिंदी भाषी दर्शकों में भी काफी अधिक है।

# अंडरआर्म्स का कालापन कम करने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे


**आजकल के फैशन के दौर में हर कोई कपड़ों के नए-नए ट्रेंड फॉलो करना चाहता है, जिसमें स्लीवलेस सबसे आम है। हालांकि, कुछ महिलाएं अंडरआर्म्स के कालेपन की वजह से स्लीवलेस कपड़े नहीं पहन पाती हैं। इसे कम करने के लिए आप अपनी त्वचा को बार-बार स्क्रब कर सकते, शेविंग करना छोड़ सकते और चमकदार त्वचा के लिए घरेलू उपचार कर सकते हैं। आइए आज अंडरआर्म्स के कालेपन को हल्का करने के लिए पांच घरेलू पैक बनाना जानते हैं।**

### बेसन और हल्दी का पैक

बेसन मृत त्वचा कोशिकाओं को खत्म करने में और त्वचा को निखारने में मदद करता है। वहीं हल्दी जीवाणुरोधी गुणों से भरपूर एक प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट की तरह काम करती है। लाभ के लिए बेसन, हल्दी पाउडर, चावल का आटा, दूध और शहद को एक साथ मिलाकर चिकना पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को 10-15 मिनट तक अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं। इसके बाद गरम पानी से धो लें।

### नारियल तेल और बेकिंग सोडा का पैक

नारियल तेल और बेकिंग सोडा का पैक आपके अंडरआर्म्स को स्क्रब करने और काले दाग-धब्बे को हटाने में मदद करता है। नारियल के तेल में विटामिन E होता है, जो त्वचा को निखारने में मदद करता है। यह आपके अंडरआर्म्स को पोषित और तरोताजा भी रखेगा। लाभ के लिए नारियल तेल, टूथपेस्ट और बेकिंग सोडा को मिलाकर पेस्ट बना लें और फिर इसे अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं। 10-15 मिनट के बाद इसे ठंडे पानी से धो लें।



### आलू के रस का पैक

आलू का रस अंडरआर्म्स के पिगमेंनटेशन और खुजली को कम करके त्वचा को मुलायम बनाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक छिले हुए आलू को कद्दूकस कर लें और फिर उसका रस निकाल लें। इस रस को सीधे अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं और 10-15 मिनट के बाद सामान्य पानी से धो लें। अंडरआर्म्स पर आलू के रस को हफ्ते में दो बार जरूर लगाएं। इससे आपको जल्दी फायदा होगा।

### जैतून के तेल और ब्राउन शुगर का पैक

जैतून का तेल एंटी-ऑक्सीडेंट, पौष्टिक और हाइड्रेटिंग गुणों से भरपूर होता है। यह आपके अंडरआर्म की त्वचा को मुलायम बनाता है, जबकि ब्राउन शुगर त्वचा को स्क्रब करने और मृत त्वचा कोशिकाओं को खत्म करने में सहायक है। लाभ के लिए जैतून के तेल में ब्राउन शुगर डालें और फिर इसे अच्छी तरह मिलाएं। अब इसे नम अंडरआर्म त्वचा पर लगाएं और पांच मिनट तक स्क्रब करने के बाद पानी से धो लें।

### मुल्तानी मिट्टी और नींबू के रस का पैक

मुल्तानी मिट्टी न केवल त्वचा पर जमा गंदगी को हटाती है, बल्कि मृत त्वचा कोशिकाओं को भी स्क्रब करती है। इससे त्वचा में निखार आता है। वहीं नींबू के रस में साइट्रिक एसिड होता है, जो गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए मुल्तानी मिट्टी पाउडर, पानी और नींबू का रस मिलाकर एक मुलायम पेस्ट बना लें। अब इसे अपने अंडरआर्म्स पर 10 मिनट तक लगाएं और फिर धो लें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### शिक्षक अंगद सलामे उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर जिले के मानपुर विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के प्राथमिक शाला मुंजाल में पदस्थ सहायक शिक्षक एल.बी. अंगद सलामे को उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया है। सलामे को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय मोहला में आयोजित मुख्य समारोह में संसदीय सचिव इंन्द्रशाह मंडावी के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंटकर यह सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि सलामे को सुदूर वनांचल के ग्राम एवं अंचल में उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में उल्लेखनीय कार्य करने तथा सुदूर वनांचल में रहकर शिक्षा का अलख जगाने के अलावा अनेक शासकीय एवं सामाजिक कार्यों को सफ्लतापूर्वक संपादित करने के लिए अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वर्तमान में वे गोण्डवाना समाज के युवा प्रभाग के संभागीय अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला सचिव जैसे विभिन्न पदों पर रहकर निष्ठापूर्वक सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन कर रहे हैं। सलामे अम्बागढ़ चैंकी विकासखण्ड के ग्राम देवरसुर के मूल निवासी हैं। इस अवसर पर कलेक्टर मोहला-मानपुर एस.जयवर्धने, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। सलामे के उत्कृष्ट कार्यों के फ्लस्वरूप लगातार सम्मानित होने से अंचल के लोगों में हर्ष व्याप्त है। उनके शुभचिंतकों ने सलामें के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

### रेलवे एसपी झाडूराम ठाकुर राष्ट्रपति पदक से होगें सम्मानित

**राजनांदगांव।** मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ जिले के निवासी एवं रेलवे एसपी झाडूराम ठाकुर पूरे देश में पुलिस सेवा के अंतर्गत दी जाने वाली प्रतिष्ठित सराहनीय सेवा पदक के लिए चयनित किये गये हैं। ठाकुर के इस उपलब्धि पर मित्रों एवं शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है। इसके लिए उन्होंने ठाकुर को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं। उल्लेखनीय है की झाडूराम ठाकुर आदिवासी बाहुल्य मोहला विकासखण्ड के दूरस्थ के ककईपार के मूल निवासी है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गृह ग्राम ककईपार तथा माध्यमिक शिक्षा गोटाटोला तथा मोहला से हायर सेकेण्डरी तथा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय से उच्च शिक्षा पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में रहकर पूरा किया है। ठाकुर प्रारंभ से बहुत ही होनहार विद्यार्थी रहे हैं। इसके साथ ही मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्त्वि के होने के कारण अपने अंचल एवं कार्य स्थल बहुत लोकप्रिय है। पद पर चयनित होकर लम्बे समय तक कुशल शिक्षक की भूमिका का भी निर्वहन कर चुके हैं।

### राज्यपाल हरअवतार वेलफेयर सोसायटी के स्वर्ण जयंती समारोह में हुई शामिल

# सोसायटी द्वारा पिछले 50 वर्षों से किये जा रहे सेवा कार्यों को सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर ।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके अपने भोपाल प्रवास के क्रम में आज हरअवतार वेलफेयर सोसायटी के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुई। राज्यपाल का कार्यक्रम स्थल पर सोसायटी के सदस्यों और बच्चों ने आत्मीय स्वागत किया। स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ राज्यपाल सह अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया और इस अवसर पर बच्चों ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किये।

राज्यपाल सुश्री उइके और अन्य अतिथियों ने हरअवतार सोसायटी की स्मारिका का विमोचन किया। समारोह में आदिवासी कन्या छात्रावास की बालिकाओं को गीजर, पंखे सहित जरूरी सामग्रियां भी वितरित की गई।

राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने संबोधन में हरअवतार वेलफेयर सोसायटी के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा स्वर्ण जयंती समारोह के आयोजन के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों में वेलफेयर सोसायटी ने समर्पित होकर मानवता की सेवा की है। राज्यपाल ने कैंसर पीड़ितो की मदद, रक्तदान शिविर, आंखों के नि:शुल्क इलाज के लिए अस्पताल का संचालन, जरूरतमंदों को मुफ्त दवाई वितरण के साथ ही पारिवारिक मिलन के माध्यम से समाज उन्नयन के सोसायटी के प्रयासों की प्रंशसा की। साथ ही गरीब स्कूली छात्र-छात्राओं की आर्थिक मदद, स्कॉलरशिप, कॉपी-किताब की व्यवस्था और आदिवासी छात्राओं को पढ़ने के लिए प्रेरित कर उनके मदद के संकल्प को भी सराहा। उन्होंने सोसायटी से पिछले 50 वर्षों से जुड़े सभी व्यक्तियों के सम्मान को अभूतपूर्व पहल बताया और इससे प्रेरित होकर अन्य लोगों के सोसायटी से जुड़ने तथा मानवता की सेवा के संकल्प को विस्तार मिलने की बात कही।

राज्यपाल सुश्री ने कहा कि जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है वह अमूल्य है उन्होंने इसके लिए ईश्वर, अपने अभिभावकों व गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने मानवता के भाव से ही लोगों की सेवा और सहायता करने की बात कही। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि हमारा कद कितना भी बड़ा हो जाए किंतु हमें अपने संबंधों को नहीं भूलना चाहिए।

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए युवावस्था से ही सेवा कार्यों से जुड़ने की बात कही और इसके महत्व को रेखांकित किया तथा सेवा को आत्म संतुष्टि का मूल मंत्र भी बताया। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़वासियों से मुझे असीम प्रेम मिला और लोगों की सहायता के उद्देश्य से ही राजभवन को जनभवन के रूप में बदलने का कार्य किया।

राज्यपाल ने आगे कहा कि सेवा अत्यंत पुनीत कार्य है तथा प्रेम, स्नेह, दया एवं करूणा शाश्वत नैतिक मूल्य है। इनके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती और यही मानवता की परिभाषा भी है। अपूर्व करूणा एवं संवेदना ही दिलों को जोड़ती है, इसलिए उन्होंने मानवता को हृदय से अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम दुखी, पीड़ित, आहत, उपेक्षित एवं जरूरतमंदों की मदद कर समाज एवं जीवन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते है। हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि हम गरीब एवं जरूरतमंदों की हरसंभव सहायता करें। राज्यपाल ने वर्तमान दौर में मानवीय संवेदनाओं में आ रही कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया और युवाओं में मानवता के विचारों के बीजारोपण के लिए प्रयास करने की बात कही।

राज्यपाल ने सभी को मिलकर भारत की प्राचीन सेवाभावी परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए भी कार्य करने को कहा।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं से कहा कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए आप सभी कठिन परिश्रम करें। आपमें क्षमताओं की कमी नहीं हैं। उन्होंने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि संस्था निरंतर सफ्लता के नवीन आयाम प्राप्त करेगी और मानवता की सेवा का कार्य अनवरत जारी रखेगा। वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों द्वारा राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कई समाजसेवियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

# बरही आदर्श गौठान में किया गया जिले के प्रथम प्राकृतिक पेंट इकाई का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बालोद।** जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही स्थित आदर्श गौठान में जिले के प्रथम प्राकृतिक पेंट इकाई का शुभारंभ किया गया। बरही गौठान में आयोजित समारोह में आज विधायक संजारी-बालोद श्रीमती संगीता सिन्हा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी सिन्हा, जनपद पंचायत सदस्य सुश्री अमृता नेताम, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

इस दौरान अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के पश्चात् फीता काटकर इस नवनिर्मित प्राकृतिक पेंट इकाई का विधिवत् शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने बरही गौठान में निर्मित मुर्गीपालन शेड के दीवाल का पोताई कर गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट के गुणवत्ता को परखा। विधायक श्रीमती सिन्हा एवं अतिथियों ने प्राकृतिक पेंट इकाई की गुणवत्ता की सराहना भी की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने कहा कि आज का दिन हम जिले वासियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। आज बरही गौठान में जिले के पहला प्राकृतिक पेंट इकाई का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने गोबर को बहुउपयोगी बनाने के साथ-साथ इसके माध्यम से प्राकृतिक पेंट का निर्माण करने के दूरगामी सोंच के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद दिया। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि राज्य शासन के प्रयासों के फ्लस्वरूप आज गोबर का उपयोग असीमित हो गया है। उन्होंने गोबर की महत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पहले हमारे घरों को गोबर से पोताई कर शुद्धिकरण किया जाता था। वर्तमान के अत्याधुनिक समय में भी गोबर का महत्व एवं प्रासंगिकता पहले की भांति है। आज के आधुनिक समय में भी शादी-ब्याह, पूजा-पाठ एवं अन्य सभी शुभ कार्यों को करने के पहले अनिवार्य रूप से उस स्थान का गोबर से पोताई की जाती है। इस अवसर पर उन्होंने गोबर से बनी इस प्राकृतिक पेंट के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि गोबर से बनी इस प्राकृतिक पेंट के महत्व का अनुगुंज एवं उपयोगिता राज्य के बाहर भी हो सके।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदर्श गौठान बरही में जिले के प्रथम प्राकृतिक पेंट इकाई की शुरूआत होने पर जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना राज्य शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसका बहुउपयोगी परिणाम भी हम सभी को देखने को मिल रहा है। इसके साथ-साथ बरही गौठान में गोबर से निर्मित होने वाली प्राकृतिक पेंट इकाई की स्थापना से एक नया अध्याय और भी जुड़ गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट इकाई के महत्व एवं इससे होने वाले लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। श्री शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक पेंट से पर्यावरण के रक्षा के साथ-साथ अन्य पेंटों के निर्माण में प्रयुक्त रासायनिक पदार्थों से होने वाले दूष्प्रभावों से रक्षा भी करेगी।

## साईं पब्लिक स्कूल में हुआ ध्वजारोहण, बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की भी हुई प्रस्तुति



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर साईं पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के निर्देशानुसार मुख्य रुप से कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रीमती श्वेता मिश्रा पूर्व एल्डरमैन और युवा कांग्रेस नेता अरविंद राय स्कूल के डायरेक्टर शमीम खान और मुमताज बेगम सम्मिलित हुए इस कार्यक्रम में साईं पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की गई।

श्वेता मिश्रा द्वारा बताया गया कि भारत देश 15 अगस्त 1947 को आजाद तो हो गया था परंतु 29 माह तक अंग्रेज गवर्नर की प्रमुखता में 1935 मैं कायम संविधान ही देश पर लागू रहा 26 नवंबर 1949 को भारत देश एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया डॉ बी आर अंबेडकर अध्यक्षता वाली समिति ने 26 जनवरी 1950 को संविधान की पूर्ण रचनाकर उसे देश में लागू किया और भारत एक लोकतांत्रिक देश के रूप में स्थापित हो गया।

संविधान की रचना पर हम भारतवासियों को आज भी पूर्ण विश्वास और गर्व है देश की इस व्यवस्था को कायम और स्थापित करने के लिए हम 26 जनवरी का कार्यक्रम पूर्ण श्रद्धा और हर्ष उल्लास के साथ मनाते हैं जिससे आने वाली पीढ़ी इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से स्वीकार कर इस देश की अखंडता को कायम रखें।

# सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम का पांचवा जत्था पणजी के लिए रवाना




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** 14 वाँ आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम के तहत दिनांक 28 जनवरी 2023 को सुबह 0700 बजे जिला कांकेर, छत्तीसगढ़ के अति दुर्गम एवम् पिछड़े नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से युवक एवं युवतियों के पांचवे जत्थे को दुर्ग रेलवे स्टेशन से पणजी (गोवा) के लिए रवाना किया गया।

जिसमें 10 लड़कियाँ एवं 10 लड़कों सहित सीमा सुरक्षा बल के 01 पुरूष सुरक्षा अधिकारी और 01 महिला सुरक्षा अधिकारी शामिल है। जहाँ यह जत्था पणजी(गोवा) में विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होंगा।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आदिवासी युवक एवं युवतियों को उनके उज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी प्रदान की जायेगी, साथ ही साथ अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा, जिससे वे एक-दूसरे की खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी साथ ही पणजी (गोवा) के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन, नई दिल्ली (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान मे 14 वॉं आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में कांकेर जिले मे तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के इलाके से इस वर्ष कुल 14 भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

इस कार्यक्रम के पांचवे जत्थे को पणजी (गोवा) रवाना करते हुए सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) छत्तीसगढ, रिसाली-भिलाई के महानिरीक्षक इन्दराज सिंह एवं उपमहानिरीक्षक (इंटेलीजेंस) श्री दिनेश मुर्मू ने शुभकामनाएँ दी।

# मरीजों के इलाज और उनकी जान बचाने मे जिला चिकित्सालय दुर्ग अब रोज हासिल करता जा रहा है नए आयाम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में अपनी डिलीवरी के लिए आई एक मरीज दामिनी देशमुख पति प्रकाश देशमुख, जो कि झाला दुर्ग की रहने वाली हैं। जो पेट में दर्द, सिर में दर्द एवं धुंधला दिखना आदि समस्याओं से परेशान थी उन्हें झटका (कन्वल्शन) भी आ रहा था। लेबर रूम में जांच में पता चला कि ब्रेन में सूजन होने के कारण पेशेंट का ब्लड प्रेशर 200/120 है। झटका आने की वजह से बच्चे की धड़कन भी कम होने लगी थी। इसीलिए डॉक्टर बीआर साहू ने तुरंत ऑपरेशन करने की सलाह दी ताकि बच्चे एवं मां की जान बचाई जा सके। पेशेंट को तुरंत ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कराया गया एवं वहां पर एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट डॉक्टर संजय बाल वांदरे ने पेशेंट को बेहोश करके तुरंत ऑपरेशन करवाया। ऑपरेशन के बाद बच्चे की जान बचा ली गई एवं मां को 24 घंटे के लिए वेंटिलेटर पर आईसीयू में डॉ अनिल विवेक सिन्हा के निगरानी में रखा गया।

डॉ. अनिल विवेक सिन्हा ने बताया कि पहले 24 घंटे ऐसे मरीजों के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होते हैं। लेकिन सही समय पर सही इलाज मिल जाने से मरीज की जान भी बचाई जा सकती है। 24 घंटे के बाद पेशेंट को वेंटिलेटर से हटा दिया गया और सिंपल ऑक्सीजन मास्क के माध्यम से कंटीन्यूअस ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। यह ऑपरेशन 19 जनवरी को किया गया था अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। जिला चिकित्सालय के प्रमुख डॉक्टर वाई के शर्मा ने बताया कि अच्छी टीम, सही ताल मेल एवं सब के समन्वय से यह उपलब्धि हासिल हुई। इस जटिल ऑपरेशन की सफलता और उपलब्धि के लिए जीवन दीप समिति के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर, दुष्यंत देवांगन एवं प्रशांत डोंगावकर ने पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं और अपेक्षा की हैं कि भविष्य में भी जरूरतमंद और पीड़ितो को इसी तरह सही चिकित्सा से सेवा लाभ प्राप्त हो सके।

YF Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### फेसबुक में विज्ञापन के नाम पर ठगी का शिकार हुआ मछली कारोबारी

**रायपुर।** फेसबुक में विज्ञापन के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। तेलीबांधा थाना पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तेलीबांधा थाने में सतीश चंद्राकर निवासी ए-4 शताब्दी नगर थाना तेलीबांधा रायपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्रार्थी का मछली पालन का व्यवसाय है। प्रार्थी ने बताया कि करीब छह माह पूर्व अपने फेसबुक एकाउंट में फिस एंड श्रीम ग्रुप में के माध्यम से प्रदीप रंजन महापात्रा से फेसबुक में एड के माध्यम से चर्चा किया। तब उन्होंने अपना व्यवसाय बोट एवं एरिएटर मशीन विक्रय करना बताया। प्रार्थी को बोट एवं एरिएटर मशीन की आवश्यकता थी, इस कारण उससे संपर्क किया। जिन्होंने फेसबुक मे विज्ञापन डाला, जिन्होंने बोट का कीमत 23 हजार रुपये और एरिएटर मशीन की कीमत 27 हजार रुपये बताए। बोट एवं एरिएटर मशीन का आर्डर 28 जुलाई 2022 को फोन कर दिया था। आरोपित ने कुल 50 हजार रुपये फोन-पे करने बोला। प्रार्थी ने उसी दिन शाम करीब चार बजे अपने फोन-पे नंबर से 50 हजार रुपये भेज दिया गया। प्रार्थी ने उसे बिल्टी नंबर भेजकर उक्त आर्डर बोट एवं एरिएटर मशीन भेजने के लिए की। इसके बाद वह आरोपित ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया। प्रार्थी काफी दिन तक मशीन का इंतजार कर रहा था। काफी समय बीतने के बाद भी आर्डर नहीं आया था। इसके बाद प्रार्थी ने पैसे लौटाने की बात कही। उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। तब आरोपित के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

### गढ़फुलझर में 7 लीटर महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद ( ए )।** जिले के बसना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 7 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमे आरोपी रामदयाल नंद पिता सदानंद निवासी गढ़फुलझर अपने घर में अवैध रूप से बिक्री करने रखा 4 लीटर महुवा शराब कीमत 800 रू. पर अपराध कायम कर कार्यवाही किया गया। आरोपी हरीचरण कोसरीया पिता अन्तराम निवासी बेलडीह पठार, को गढ़फुलझर चौक में बिक्री करने रखे 3 लीटर महुवा शराब कीमत 600 रू. को जप्त कर अपराध कायम कर कार्यवाही में लिया गया।

### तालाब किनारे मिला कॉलेज छात्र का शव, हत्या की आशंका

**रायगढ़ ( ए )।** डॉ.भंवर सिंह पोर्ते कॉलेज में पीजीडीसीए डिप्लोमा कोर्स करने वाले एक छात्र की तालाब किनारे लाश मिली है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। यह मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

सूत्रों के मुताबिक, ग्राम नवापाली-बरपाली में शुक्रवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के तालाब के पास मेड़ में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश पड़ी मिली। मृतक की पहचान ग्राम बंगरसुता में रहने वाले रामलाल 23 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि रामलाल अपने एक रिश्तेदार के घर में रहते हुए भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय में पीजीडीएम डिप्लोमा कोर्स कर रहा था। शुक्रवार तड़के लगभग 5 बजे रामलाल अपने रिश्तेदार के यहां से निकला, फिर वापस नहीं पहुंचा।

चूंकि युवक के शव में कुछ जगह चोट के निशान हैं, इसलिए मामला संदिग्ध हो गया है। वहीं रामलाल के परिजनों को आशंका है कि उसकी हत्या हुई है, इसलिए उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की। यही वजह है कि पोस्टमार्टम के बाद पुलिस अब रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं घरघोड़ा पुलिस मर्ग कायम करते हुए कॉलेज छात्र की मौत की असलियत जानने के लिए जांच पड़ताल कर रही है।

# दगाबाज बॉयफ्रेंड: खेत के मचान पर युवती को बंधक बनाकर अपने तीन दोस्तों के साथ किया गैंगरेप, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में युवती से गैंगरेप का सनसनी खेज मामला सामने आया है। यहां के एक युवक ने पहले अपनी गर्लफ्रेंड को खेत के मचान पर बंधक बनाया। इसके बाद खुद तो रेप किया साथ ही अपने तीन दोस्तों से भी सामूहिक दुष्कर्म कराया। घटना के बाद युवती ने थाने में अपने बॉयफ्रेंड व उसके दोस्तों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला कोंडागांव के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि कोंडागांव के देवडोबरा का रहने वाले राजेश सोरी (21) से उसकी दोस्ती थी। घटना 24 जनवरी की रात की है। राजेश सोरी युवती को शादी समारोह में जाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। इसके बाद बातों में फंसाकर युवती को अपने खेत में लेकर गया। खेत में बने मचान पर युवती को बंधक बनाकर उससे रेप किया। दूसरे दिन सुबह अपने तीन दोस्त नमाजी मंडावी (21), साधु राम सोरी (21) और बंशीलाल कोर्राम (24) को भी बुला लाया और इसके बाद चारों ने उसका गैंगरेप किया।

रेप के बाद सभी ने मिलकर युवती को जान से मारने की धमकी भी दी। यहां से निकलकर युवती किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों के साथ युवती थाने पहुंची और सभी के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## सटारियों के अड्डे पर पुलिस की रेड दो मामलों में पांच सटोरिए पकड़ाए



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में शनिवार को सटोरियों पर बड़ी कार्रवाई की गई। छावनी सीएसपी प्रभात कुमार की टीम ने नहर किनारे कसाई मोहल्ले में रेड का दो जगहों से पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लाखों की सट्टापट्टी व 31 हजार से ज्यादा नगदी बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि नहर किनारे सट्टा खिलाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने रेड किया। पुलिस ने मो. आसिफ, सबरजीत कुमार एवं दिलीप कुमार अवैध रूप से हारजीत का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिखते हुये पकड़े गये। इनके पास से 12 सट्टापट्टी एवं कुल जुमला रकम 29430 रुपए जब्त किया गया।

वही से कुछ दूरी पर मो. तौफिक के ठिकाने नहर किनारे कसाई मोहल्ला कैम्प 02 में रेड की गई। यहां से मो. तौफिक एवं ईमामुददीन अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखते हुए पकड़ा गया। इनके पास 9 सट्टापट्टी एवं नगदी 2300 रुपए जब्त किया गया। दोनों मामलों में कुल 31730 रुपए जब्त किया गया। आरोपियो के विरूद्ध धारा 4 ( क ) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## भिलाई में ठग बिल्डर की कारस्तानी, एडवांस लेकर भी नहीं कराई रजिस्ट्री, सुपेला पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने शहर के ठग बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। सुपेला दक्षिण गंगोत्री में संचालित श्री बालाजी बिल्डर्स के संचालक जुगल किशोर तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। इनके खिलाफ भिलाई तीन निवासी उपासना यादव ने शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि मकान बनाकर देने के नाम पर 10 लाख रुपए से अधिक रकम लेने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं की। खासबात यह है कि आरोपी के खिलाफ पहले भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज हो चुका है।

सुपेला पुलिस के अनुसार शीतलापारा भिलाई-3 निवासी उपासना यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि श्री बालाजी बिल्डर्स के संचालक जुगल किशोर तिवारी ने मकान व प्लाट दिये जाने के नाम पर उससे 10 लाख 11,000 रुपए लिया। इसके बाद प्लाट व मकान की रजिस्ट्री नहीं की। महिला ने बताया कि शिव अर्पण बिल्डिंग दक्षिण गंगोत्री में जाकर 2020 में जुगल किशोर तिवारी से स्म्रिति नगर स्थित यूनिट नंबर 7 पटवारी हल्का नंबर 53 तहसील जिला दुर्ग में 1167.50 वर्गफीट का प्लाट 830 वर्गफीट में 2BHK मकान बनाकर देने व जमीन की रजिस्ट्री के लिए 34 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था।

इसके बाद 21 दिसंबर 2020 को गूगल पे के माध्यम से 11,000 रुपये बालाजी बिल्डर्स को टोकन मनी दिया। इसके बाद 25 दिसंबर 2020 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा पदुमनगर भिलाई 3 के चेक से 10 लाख रुपए दिया। शेष रकम 23 लाख 89 हजार रुपए रजिस्ट्री के समय देने का इकरारनामा 2 जनवरी 2021 का हुआ था। इसके बाद भी जुगल किशोर ने तय समय पर रजिस्ट्री नहीं की। बाद में कहने लगा कि जमीन का दाम बढ़ गया है और बढ़े रेट पर ही रजिस्ट्री होगी। रकम वापस मांगने पर 3 लाख लौटाया और शेष रकम नहीं दी। महिला ने लगभग 29 लोगों के और नाम गिनाए जिससे जुगल किशोर ने ठगी की थी। पुलिस ने इस मामले में बिल्डर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिविल लाइन पुलिस की कार्रवाई: शहर के ट्रांसपोर्टर ने चेन्नई से मंगाई नशीली जब्त

**बिलासपुर (ए)।** सिविल लाइन पुलिस ने परसदा के एक ट्रांसपोर्टर से 70 पेटी प्रतिबंधित कफसिरप जब्त किया। इसके भीतर 8 हजार 400 शीशी थी। ट्रांसपोर्टर इस कारोबार में काफी समय से जुड़ा हुआ था। चेन्नई से नशीली दवाएं मंगाकर यहां इस धंधे से जुड़े लोगों को सप्लाई करता था। वर्तमान में उसने 100 पेटी कोडिनयुक्त कफ सिरप मंगाया था। इसमें से 30 पहले ही खपा चुका था। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले की एसएसपी पारुल माथुर ने खुलासा किया।




पुलिस का दावा है कि अवैध नशीली दवा की खेप जब्त करने की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। एसएसपी ने बताया कि शहर में नशीली दवाओं के साथ प्रतिबंधित कफसिरप की बिक्री बढ़ती जा रही थी। इस दौरान सिविल लाइन पुलिस सूचना मिली कि परसदा स्थित राहुल ट्रांसपोर्ट के गोदाम में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिरप छिपाकर रखी गई है और खरीदार पहुंच रहे हैं।

### जांजगीर में 4 बार पकड़ा जा चुका है

पकड़े गए आरोपियों में ट्रांसपोर्टर चेन्नई से कफ सिरप मंगाता था। इसी तरह महेंद्र साहू मुख्य डीलर था। सत्यनारायण अग्रवाल इन्हें खपाता था। वहीं राजकुमार केंवट मुख्य आरोपी महेंद्र का सहयोगी था। महेंद्र साहू इससे पहले भी जांजगीर चांपा जिले में चार बाद प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ पकड़ा जा चुका है।

### ट्रांसपोर्टर ने कहा-बिल्टी फाड़ दी

सिविल लाइन टीआई परिवेश तिवारी के अनुसार ट्रांसपोर्टर ने चेन्नई से माल सप्लाई करने वाले का नाम नहीं बताया। कहा बिल्टी वह फाड़ चुका है। उसे भी इसके बारे में पता नहीं। चेन्नई में इसका रेट सस्ता है। एक शीशी का प्रिंट रेट 155 है। इसे यहां 250 में बिकता था। एक पेटी में 120 शीशी रहती है।

### कांस्टेबल ने पता लगाया

कार्रवाई को प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताया जा रहा है। इसे पकड़वाने में कांस्टेबल सरफराज खान की प्रमुख भूमिका रही है। प्रेस कांफ्रेंस में इस बात की जानकारी एसएसपी ने खुद मीडिया को दी।

## चाकू से गोदकर हत्या करते लाइव वीडियो बनाने वाले को आजीवन कारावास की सजा



**रायपुर ( ए )।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व रंजिश के चलते युवक की चाकू से गोदकर हत्या करते लाइव वीडियो बनाने वाले के दोषी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने अदा नहीं करने पर उसे एक वर्ष अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनिकर की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक आदित्य झा के मुताबिक कोर्ट ने राहुल तांडी की हत्या के मामले में जुबेर अली को कैद तथा अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुबेर ने 29 नवंबर, 2020 को राहुल की अपने एक अन्य साथी जावेद अली उर्फइंसान के साथ मिलकर हत्या की थी। घटना दिनांक को राहुल अपने एक अन्य साथी सागर के साथ बूढ़ातालाब के पास बैठा था। उस दौरान जुबेर उसके पास पहुंचा और उसे अपने साथ बोरियाखुर्द ले जाने के लिए कहा। बोरियाखुर्द जाते समय आरडीए कांप्लेक्स के पास जावेद ने राहुल को चलती गाड़ी से धक्का देकर गिरा दिया और उसके ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान कर दिया। राहुल का साथी सागर बीचबचाव करने के लिए पहुंचा तो बदमाशों ने उस पर भी चाकू से हमला किया। राहुल का साथी डरकर भाग गया। इसके बाद उसने पड़ोसी को घटना की जानकारी दी। पड़ोसी जब घटना स्थल पहुंचे, तब तक राहुल की मौत हो चुकी थी।

कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक हत्या के एक माह पूर्व राहुल का जुबेर का किसी बात पर विवाद हुआ था। बदला लेने राहुल की हत्या करने की योजना बनाई। उसने जावेद की मदद ली। इसके बाद सुनियोजित तरीके से जुबेर, राहुल को बोरियाखुर्द लेकर गया। चाकू से हमला कर दिया। जुबेर मोबाइल से घटनाक्रम की वीडियो बनाकर प्रसारित कर रहा था।

## मेकाहारा में स्टाफ नर्स की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** अंबेडकर अस्पताल में नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाली महिला आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला ने प्रार्थी समेत चार अन्य लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर पैसे ठगे थे। खमतराई पुलिस ने आरोपिया शोभना दास को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया ममता साहू ने पूर्व में शिकायत दर्ज कराई थी कि अनावेदिका शोभना दास द्वारा स्टाप नर्स की संविदा नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थिया एवं अन्य लोगों से धोखाघड़ी की है। इस मामले की शिकायत पत्र पर पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान पाया गया की अनावेदिका शोभनादास द्वारा प्रार्थिया से नौकरी लगाने के नाम पर एडवांश में 25,000, पुष्पा साहू से 45,000, सरोज शारदा से 50,000, भाग्यश्री साहू से 25,000, ममता साहू से 30,000 कुल 1,75,000 लिए थे।शिकायत जांच में अनावेदिका द्वारा प्रार्थिया एवं अन्य लोगो से नौकरी लगाने नाम पर रुपये लेकर न तो नौकरी लगाई और न ही रुपये वापस कर धोखाधड़ी करना पाए जाने से अनावेदिका के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया।

पतासाजी कर आरोपिया शोभनादास को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया जिसने उसने अपराध स्वीकार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग मोबाइल, एक पास बुक एवं नकदी 15 हजार रुपये जब्त कर आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### आयुक्त ने पैदल घूमकर महिला समृद्धि बाजार का लिया जायजा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत समृद्धि सब्जी मार्केट को व्यवस्थित करने के लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर।आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा निरीक्षण करने सिविल लाइन स्थित महिला समृद्धि बाजार पहुँचे,उन्होंने बाजार क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सब्जी व्यवसाय करने वालो के चबूतरे के ऊपर प्लास्टिक टेंट को हटाने के निर्देश दिए। जायजा लेते हुए महिला समृद्धि सब्जी बाजार स्थित शुलभ शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था देखी लेकिन निरीक्षण के दौरान सुलभ शौचालय का केयरटेकर नदारद मिला जिस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की।स्पॉट पर नियमित रूप से सही ढंग से सफाई कराने के निर्देश, सफाई में लापरवाही न हो, इस पर विशेष ध्यान देने कहा।आयुक्त ने महिला समृद्धि बाजार के सब्जी दुकान वालो से बातचीत की।सब्जी मार्केट स्थित पार्किंग स्थल के आस पास पर भी स्थाई रूप से अतिक्रमण कर सब्जी ठेला दुकान संचालित करने वालों को भी बेदखल कर सब्जी दुकान के निर्धारित चबूतरे में लगाने समझाइश दी गई है। सभी सड़क किनारे फल ठेला,पसरा सब्जी विक्रेताओं को महिला समृद्धि बाजार के अंदर बने खाली चबूतरे में ही दुकान लगाने के लिए व्यवस्थित किया जाएगा।उन्होंने स्थित पार्किंग स्थल को साफसफाई के अलावा व्यवस्थित करने और लोहे की पार्किंग होर्डिंग लगवाने को कहा।जिससे सब्जी लेने आए वाहन पार्किंग स्थल पर खड़ी करेंगें लोगो को आवागमन की सुविधाएं मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि दुकान के बाहर सफाई व्यवस्था बनाए रखें गंदगी फैलाने पर जुर्माना की कार्यवाही की जाएगी।

### नगर सेवाएं, उद्यानिकी विभाग द्वारा फ्लावर शो का आयोजन 5 फरवरी को

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवाएं उद्यानिकी विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि प्रतिवर्ष की भांति फ्लावर शो-2023 का आयोजन आगामी 05 फरवरी 2023 को मैत्री बाग में आयोजित किया गया है जिसमें बीएसपी एवं नान बीएसपी क्षेत्र के आवासीय व शालेय बागवानी, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज् एवं मौसमी पौधों सेवंती, डहेलिया गुलाब और उन्ही पौधों के कट फ्लावर, पुष्प-सज्जा, छात्राओं एवं महिलाओं की रंगोली प्रतियोगिता के साथ ही बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों में उत्पादित विषेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय के समक्ष किया जायेगा। इसके अलावा बीएसपी एवं निजी स्कूलों के मध्य गुलदस्ता (बुके) एवं सलाद बनाने की प्रतियोगिता भी प्रबंधन द्वारा आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी उद्यान विभाग के मैत्री बाग स्थित कार्यालय और सिविक सेंटर स्थित नगर प्रषासन विभाग की बिल्डिंग के तृतीय तल्ले में स्थित उद्यान विभाग के कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर उन्हीं कार्यालयों में जमा कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार के शुल्क का प्रावधान नहीं है बल्कि यह पूर्णतः निःशुल्क होगी। प्रबंधन द्वारा यह भी जानकारी दी गई है कि रंगोली प्रतियोगिता, सेंड आर्ट अन्य कलाकृति प्रदर्षित करने एवं स्टाल लगाने के इच्छुक व्यक्तियों द्वारा भी उक्त कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है फ्लावर शो-2023 को सफल बनाने एवं भव्यता प्रदान करने प्रबंधन द्वारा मैत्री बाग में रंग-रोगन सहित अन्य आवष्यक तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही है।

# भिलाई में बना सुंदरकांड पाठ का विश्व रिकार्ड, 21 हजार भक्तों ने किया पाठ

## गोल्डन बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज हुआ नाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शनिवार का दिन भिलाई शहर के लिए यादगार बन गया। जयंती स्टेडियम के समीप 21 हजार भक्तों ने एक साथ सुंदरकांड पाठ कर विश्व रिकार्ड बना दिया। 8 एकड़ परिसर में गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस का सुंदरकांड पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक प्रभंय चतुर्वेदी के नेतृत्व में वर्ल्ड रिकॉर्ड रिकॉर्ड बनाया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों से लेकर सामान्य कर्मचारियों अधिकारियों समाजसेवी महिला पुरुष तथा पुजारी शामिल हुए।

अंचल में सुंदरकांड पाठ के लिए इतनी बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने का यह पहला अवसर था। सुंदरकांड का पाठ करने वालों के लिए दुपट्टा सुंदरकांड पुस्तिका आयोजकों की ओर से प्रदान की गयी थी। बेहतर व्यवस्था के पुलिस प्रशासन की सहायता ली गई।

लगभग 10 दिन से हजारों कार्यकर्ता दिन रात इस कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए थे। संयोजक सांसद विजय बघेल लगातार कार्यक्रम की देखरेख कर रहे थे सुंदरकांड पाठ के तुरंत बाद भोग महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। सुंदरकांड पाठ के पश्चात महा आरती एवं सांसद विजय बघेल ने सुख के सब साथी सुख



में ना कोई का शानदार गीत प्रस्तुत किया। आयोजन में हिस्सा लेने के लिए निशुल्क पंजीयन के लिए ह्रह-ध्यह्र की व्यवस्था की गई थी। सांसद विजय बघेल ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने के लिए सभी आयोजकों कार्यकर्ताओं को बधाई दी पुलिस प्रशासन समस्त समाज के प्रमुख पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। सुंदरकांड आयोजन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, दयालदास बघेल, रमशीला साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भिलाई जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया सहित विभिन्न समाज के धर्मगुरु समाज प्रमुख आरडी देश लहरा सतनामी समाज, डॉ राजेंद्र हरमुख कुर्मी समाज, बोधन राम यादव यादव कोसरिया समाज, जीवन लाल सिन्हा कलार समाज, प्रेम लाल सिन्हा कलार समाज, भागवत सोनी सोनार समाज, मंथिर खलेंद्र हल्बा समाज, शंकर यादव यादव समाज, घनश्याम देवांगन कोष्टा समाज, नंदलाल साहू तेली समाज, ईश्वर सक्सेना महार समाज, सुनील पटेल मरार समाज, मुनि लाल निषाद केवट समाज, रजनी रजक, सुरेंद्र रजक, ठाकुर राम, झेरिया समाज, मेघनाथ यादव सर्व समाज छत्तीसगढ़, विनोद सेन सेन समाज,अजीत सिंह राजपूत राजपूत समाज, कौशिक दवे गुजराती समाज पंचराम साहू, लखन साहू, यूएस पवार, डॉ रतन तिवारी सर्व ब्राह्मण समाज, अध्यक्ष के उमाशंकर राव, हेमचंद धनकर अध्यक्ष गडरिया समाज सहित हजारों भक्तों की भीड़ मौजूद रही।

# अवैध प्लाटिंग को लेकर भिलाई निगम ने 5 अलग-अलग स्थानों पर की बड़ी कार्रवाई

## खेती की जमीन पर अवैध प्लाटिंग, निगम ने कई ट्रिप मुरूम किया जप्त, मार्ग संरचना को भी हटाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग पर हुई कार्रवाई, अवैध प्लाटिंग करने वालों पर निगम कराएगी एफआई.आर.**

**अवैध प्लाटिंग पर निगम ने दिखाई सख्ती, दिनभर चली अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई**



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कुरूद इलाके में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध आज बड़ी कार्रवाई की गई। कुछ दिनों से अवैध प्लाटिंग को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसको देखते हुए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

इसी तारतम्य में आज अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध कार्यवाही करने निगम प्रशासन का अमला कुरुद क्षेत्र पहुंचा था, साथ में तहसीलदार क्षमा यदु सहित पुलिस बल भी मौके पर मौजूद थे। अवैध प्लाटिंग के कार्यवाही के दौरान कोई भी मौके पर मौजूद नहीं हुआ। भूस्वामी एवं अवैध प्लाटिंग करने वालों का पता लगाया जा रहा है, तहसीलदार सोमवार को खसरा नंबर सहित इसकी रिपोर्ट भिलाई निगम को देगी। इस आधार पर अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के लिए एफआई.आर. दर्ज करवाया जायेगा। बता दे कि 5 अलग-अलग स्पॉट पर लगभग 25 एकड़ के क्षेत्रफल पर अवैध प्लाटिंग करने की तैयारी की जा रही थी, इसके लिए मुरूम से जमीन को समतल करने का काम किया जा रहा था, इधर प्लाट में भीतर जाने के लिए मार्ग संरचना भी तैयार किया गया था, आरसीसी पोल आदि के माध्यम से अवैध प्लाटिंग की संपूर्ण तैयारियों की जा रही थी। खेती की जमीन को अलग-अलग हिस्सों में विभाजित कर प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी। चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज जाने के रास्ते पर अवैध प्लाटिंग को अंजाम देने पुख्ता इंतजाम किए जा रहे थे। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग व निगम से भी किसी भी प्रकार की परमिशन नहीं ली गई। निगम को अवैध प्लाटिंग की जानकारी मिलने पर आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर कार्यवाही किए। दो जेसीबी और चार डंपर की मदद से दोपहर बाद तक 12 ट्रिप मुरूम की जब्ती की जा चुकी थी। अवैध प्लाटिंग न हो इसके लिए जेसीबी के माध्यम से मार्ग संरचना में जगह-जगह गड्ढे कर इसे रोकने की कार्यवाही की गई। पोल आदि को हटाया गया। एक बड़े भूभाग को टुकड़ों में विभाजित कर विक्रय किए जाने के प्रयास को लेकर आज निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 के तहत कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में भवन अनुज्ञा विभाग के उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, सहायक राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### दुकान बढ़ाने नाली पर स्लैब ढाल लगाया था टाइल्स , अधिकारियों ने पुलिस की मौजूदगी में उखाड़ा

**रिसाली।** रिसाली नगर पालिक निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बेजा कब्जा धारियों पर फिर से सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। शनिवार को शहर के मुख्य मार्ग कृष्णा टाकीज रोड व नाली पर हुए 35 से ज्यादा अतिक्रमण हटाया गया। नाली पर बने स्लैब व टाइल्स को उखाड़ा गया। बेदखली अभियान को लेकर पूरे दिन निगम क्षेत्र में हड़कंप रहा। आयुक्त के निर्देश पर अधिकारी बेहिचक व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने हुए अतिक्रमण को बैक होल लोडर से हटाया। व्यापारियों ने दुकानों के सामने नाली पर स्लैब ढाल कर ऊपर से टाइल्स लगाकर जमीन का उपयोग व्यसायिक रूप में कर रहे थे। वहीं कुछ व्यापारी बेरिकेटिंग करने स्टील का रेलिंग लगाव रखे थे। जिसे कर्मचारियों ने उखाड़कर जब्त किया । वहीं फुटकर व्यापारियों और फल विक्रेता द्वारा बनाए बॉस बल्ली के दुकान को भी उखाड़ा गया।

आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जिले के सभी नगरीय निकाय में किया जा रहा है। लगातार सड़क दुर्घटना को रोकने और जाम की स्थिति से निपटने कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने अभियान चलाने के निर्देश दिए है। सप्ताह भर फिर से शुरू हुई कार्यवाही रिसाली निगम क्षेत्र में लगातार चलेगी।

# वैशाली नगर गौरव पथ के समीप बनेगा वेंडिंग जोन

## तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे निगम आयुक्त रोहित व्यास, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वेंडिंग जोन तैयार किया जा रहा है, नेहरू नगर क्षेत्र में पहला वेंडिंग जोन तैयार हो चुका है। दूसरा वेंडिंग जोन वैशाली नगर क्षेत्र में बनेगा। इसके लिए निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर तैयारियां की जा रही है। वैशाली नगर के गौरव पथ क्षेत्र में महिला महाविद्यालय से लगे हुए परिसर पर वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा। वेंडिंग जोन के लिए स्थल को स्वच्छ करके प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने वेंडिंग जोन बनाने के लिए अधिकारियों के द्वारा की जा रही प्लानिंग और व्यवस्था का जायजा लिया। महिला महाविद्यालय से लगे हुए गौरव पथ के स्थल पर बड़ी संख्या में अव्यवस्थित तरीके से ठेले, दुकान आदि लगाए जाते हैं। जिससे सड़क किनारे आने जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यवस्थित तरीके से दुकानों को लगाने के लिए वेंडिंग जोन यहां पर तैयार किया जाएगा। स्थानीय दुकान मालिकों को मौका दिया जाएगा जो पहले से ही इस स्थान पर व्यवसाय संचालित करते आ रहे हैं।

एक स्थल पर समरूपता देते हुए प्लेटफार्म तैयार किया जाएगा। जिसके चलते ठेले और दुकाने व्यवस्थित होंगे। आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था भी इस स्थल पर की जाएगी। दीवारों में आकर्षक कलाकृति उकेरने की भी प्लानिंग की जा रही है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने स्थल का निरीक्षण कर जोन आयुक्त एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यतः अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त येशा लहरें, प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, प्रभारी सहायक अभियंता अरविंद शर्मा तथा उप अभियंता चंदन निर्मल, बसंत साहू आदि मौके पर मौजूद रहे।

# भिलाई के व्यापारी बनेंगे भोले बाबा के बाराती, महिलाओं ने संभाला मोर्चा, व्यापारियों को दिया आमंत्रण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भोले बाबा की बारात के लिए महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया है। महिलाएं आमंत्रण कार्ड देने के लिए शहर में निकल चुकी है। शहर के अलग-अलग बाजारों में पहुंचकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। ताकि, भोले बाबा की बारात में सब शामिल हो सके।

अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि, भोले बाबा की बारात के लिए आमंत्रण कार्ड व्यापारियों को दिया गया है। व्यापारियों में गजब का उत्साह देखने को मिला है। दया सिंह ने बताया कि, महिलाएं अपना कामकाज छोड़कर बाबा की भक्ती में लीन हो गई है। जवाहर मार्केट, नन्दनी रोड, लिंक रोड, 18नंबर रोड, वेकुंठ धाम रोड, केप 1 रोड, केप 2 रोड आमंत्रण कार्ड दिया गया ह्र दया सिंह ने बताया कि, भिलाई में 18 फरवरी को निकलने वाली भोले बाबा की बारात के लिए न्यौता देने का काम शुरू हो गया है। आमंत्रण को व्यापारियों ने स्वीकारा है। वे पूरी कोशिश करेंगे कि भोले बाबा की बारात में शामिल हो। 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर यह आयोजन होने जा रहा है। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की ओर से लगातार महाशिवरात्रि पर भोले बाबा की बारात निकाली जाती है। आयोजन को लेकर तैयारी जबरदस्त चल रही है। बारात इंदिरा नगर हथखोज से सुबह 11.30 बजे से निकलेगी। बारात का स्वागत रात 8.30 बजे किया जाएगा।



### झांकियों को लेकर तैयारी पूरी

हर बार की तरह इस बार भी केरल और आंधप्रदेश की झांकी विशेष होगी। केरल की झांकी में हनुमान भगवान का विशाल रूप देखने को मिलेगा। हंश पक्षी नृत्य डांस होगा। यह 12 लोगों द्वारा किया जाएगा। शिव भगवान बूढ़ा नृत्य 10 टीमों द्वारा किया जाएगा। शिव बारात भूत पिशाच की 12 टीमें रहेंगी। वहीं आंध्रप्रदेश की झांकी भी खास होने वाली है। श्रीकाकुलम नवदुर्गा अधोरत लोकनृत्य के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा, अघोर शमशान महाकाल की विशेष प्रस्तुति होगी। बाबा की बारात से पहले भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। न्यू खुर्सीपार स्थित अग्रसेन भवन भिलाई में यह आयोजन किया जाएगा। इस बार महाबारात में हरियाणा सिरसा के रामू राजस्थानी (मलंग पागल बाबा जी) की विशेष प्रस्तुति होगी।

59 .84 लाख से पुरैना की सड़को का मरम्मत

# बदहाल हो चुके सड़कों को सुधारने गृह मंत्री ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बदहाल सड़को की दशा को ठीक करने भूमिपूजन किया। शनिवार को वे पुरैना पहुँचे थे। उन्होंने दो अलग अलग जगह कुल 59.84 लाख का भूमिपूजन किया। बाद में मंत्री पुरैना स्कूल के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए।

खास बात है कि गृहमंत्री ने सड़को की दशा सुधारने 5 करोड़ स्वीकृत कराया है। उन्होंने भूमिपूजन के दौरान सड़कों को बेहतर बनाने और चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश भी दिए। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने नागरिकों से मुलाकात के दौरान कहा कि महत 3 साल में डेढ़ सौ करोड़ का कार्य स्वीकृत कराया गया है और उसे पूर्ण करने



निगम के अधिकारी कर्मचारी लगातार प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि पुरैना पहले उपेक्षित थ। वर्तमान में यहां की तस्वीर बदली है। निगम क्षेत्र के विकास में कभी रूपये को आड़ा आने नहीं दिया जाएगा। उनके लिए निगम का हर वार्ड बराबर है। वे बिना भेदभाव के कार्य करने में विश्वास रखते है। भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेन्द्र साहू, एमआईसी चन्द्रभान सिंह ठाकुर, सनीर साहू, अनुप डे, गोविंद चतुर्वेदी, सोनिया देवांगन, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकुंद भाऊ समेत पार्षद जमुना ठाकुर, ओम प्रकाश मिर्जा, पार्वती महानंद , रंजीता बेनुआ एल्डरमेन जी राहुल, आदि उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में गृह मंत्री का स्वागत बाजे गाजे व पटाखे फोड़ किया गया। इस दौरान पुरैना में महिलाओं ने मंत्री का चरण पखार स्वागत किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950